हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 15 जनवरी 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

## हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

जन्मदिन उत्सव

### अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता

## महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर

**प्रथम पुरस्कार**



1 तोला, 5 नग

**सोने का हार**

**द्वितीय पुरस्कार**



**1 स्कूटी (EV)**

**तृतीय पुरस्कार**



2 नग

**रेफ्रीजरेटर**

**चतुर्थ पुरस्कार**



3 नग

**LED TV**

**सांत्वना पुरस्कार**



**1100**

नियम व शर्तें लागू

**नियम व शर्तें :** 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

**खबर संक्षेप**

## जामगांव आर व बेलहारी में रामायण प्रतियोगिता 17 से

**जामगांव आर।** बेलहारी और जामगांव आर में 17 से 19 जनवरी तक रामायण गान प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। जामगांव आर में 17 जनवरी को रात्रि 7.30 बजे से आकाशवाणी दूरदर्शन कलाकार चेतन देवांगन की पंडवानी एवं 19 जनवरी को रात्रि10 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग छत्तीसगढ़ सुरगी की मनमोहन प्रस्तुति होगी। बेलहारी में मंडई मेला का आयोजन सुनिश्चित किया गया है।

## चिंगरी में लोकार्पण आज

**अंडा।** विधायक निधि द्वारा निर्मित मंगल भवन वार्ड क्रमांक 2 का लोकार्पण किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ललित चन्द्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण व उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण, अध्यक्षता माया बेलचंदन जिला पंचायत सदस्य, विशेष अतिथि टिकेश्वरी लाल देशमुख जनपद सदस्य दुर्ग, लिकेश्वर देशमुख मंडल अध्यक्ष अण्डा, निकुम, पुराण देशमुख महामंत्री भाजपा आदि उपस्थित रहेंगे।

## कोलिहापुरी में सामूहिक विवाह आज

**अंडा।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह 15 जनवरी को ग्राम कोलिहापुरी में किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा क्षेत्र सांसद विजय बघेल, अध्यक्षता उपाध्यक्ष छग राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण छग शासन एवं विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग पुष्पा भुनेश्वर यादव, अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग देवेन्द्र देशमुख, योगिता चंद्राकर कृषि सभापति जिला पंचायत दुर्ग आदि उपस्थित रहेंगे।

## सामर्थ बने महाविद्यालय एलुमनी समिति के अध्यक्ष

**धमधा।** चंदूलाल चंद्राकर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय धमधा में सामर्थ सिंह साजन ताम्रकार को महाविद्यालय एलुमनी समिति के अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य



ऊषा किरण अग्रवाल, प्रो जीडी एस बग्गा, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र दानी, पूर्व अध्यक्ष उमेश चंद्र यादव, छात्र नेता संजय यादव, वामन ताम्रकार, भाजपा नेता पीयूष ताम्रकार ने नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई दी। एलुमनी समिति भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का एक पंजीकृत संगठन है एनएएसीद्वारा पंजीकृत है, जो कालेज के विकास में मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करते हैं।

### सेल महारत्न कंपनी और ग्रेट प्लेस टू वर्क में विसंगति

# वेतन व सुविधाओं में भेदभाव से कर्मचारियों को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई। दूसरे ग्रेट प्लेस टू वर्क महारत्ना कंपनियों और सेल के कार्मिकों के वेतन भत्ते, सुविधाओं में भारी भेदभाव किया जा रहा है। दोनों में बहुत अंदर है। इससे सेल कर्मचारियों को हो रहे नुकसान से अंसतोष बढ़ रहा है । बीएकेएस ने न्याय किए जाने की की मांग की है।

यूनियन के मुताबिक महारत्ना स्टेटस का लाभ सेल बोर्ड के सदस्य और अधिकारी वर्ग को ही मिलता है। सुविधाएं, वेतन भत्ते आदि निर्धारण में भेदभाव को देखते हुए ग्रेट प्लेस टू वर्क भी अधिकारियों के लिए है। कर्मचारियों को अपने अधिकार के लिए न्यायालय की शरण लेना पड़ रहा है। उपाध्यक्ष उमाकांत ने बताया कि यह बूसेल के मानव संसाधन विभाग की वास्तविकता को उजागर कर रहा है। वेतन सहित मोबाइल, कम्प्यूटर व फर्नीचर आदि कई सुविधाओं को लेकर विसंगतियां हैं। कर्मियों के साथ न्याय होना चाहिए।

**बीएकेएस ने की भेदभाव दूर करने की मांग**



**एक नजर सुविधाओ में भेदभाव पर**

| सुविधा | अधिकारी | कर्मचारी | अन्य महारत्न कं. वेज रीविजन |
|---|---|---|---|
| एमजीबी | 15% | 13% | 15% |
| पर्क्स प्रति. | 35% | 26.5% | 35% |

फिटमेंट एरियर अप्रैल 2020 से जनवरी 17 से पर्क्स एरियर अप्रैल 2020 अक्टूबर 2021 जनवरी 2017 से पीआरपी पीबीटी का 5% जलेबी फॉर्मूला के आधार पर अधिकतम 28500 रुपए।

**पीआरपी तथा एक लाख से ऊपर**

**पदनाम**-महारत्ना अनुसार ग्रेड वाईज, अनुवाद मैं गुगल भी असफल , आकर्षक तथा सम्मानजनक हो। आवास ऋण बैंको के माध्यम से उच्च ब्याज दर अन्य पीएसयू में कंपनी द्वारा। **वाहन ऋण**- बैंको के माध्यम से उच्च ब्याज दर अन्य पीएसयू में कंपनी द्वारा कम ब्याज दर पर। **फेस्टिवल एडवांश**- 2008 में अंतिम बार 5000 अन्य पीएसयू में 40000 रुपया तक। **छात्रवृत्ति**- 200-500 रुपया प्रति माह, अन्य पीएसयू में 5000 रुपया प्रति माह तक।

## जंजगिरी में गुहा जयंती 16 और मंडई 26 को

**कुम्हारी।** जंजगिरी में 16 जनवरी को गुहा जयंती के अवसर पर दिन में श्री राम मानस मंडली जंजगिरी, जय गंगा मैय्या मानस मंडली नेवनारा और जय बजरंग दान पंडवानी अकलोरडीह द्वारा भजन-कीर्तन किया जाएगा। शाम को छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक संस्था मयारू भोला ओटेबंद द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। सातोपाली गुहा निषाद समाज के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उपस्थित रहेंगे। वहीं 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस के अवसर पर मंडई का आयोजन किया जाएगा। शाम को छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लहर गंगा, धनेली, धमतरी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

## डौकीडीह में मंडई और चौसर पासा प्रतियोगिता कल

**अंडा।** ग्राम डौकीडीह 16 जनवरी को भक्त गुहा निषाद राज जयंती एवं मंडई का आयोजन रखा गया है। वहीं रात्रिकालीन कार्यक्रम मोर संगी जहुरिया नाचा पार्टी ग्राम- गुजरा जिला - धमतरी (छ.ग ) की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं मंडई मेला के अवसर पर रात्रिकालीन चौसर पासा प्रतियोगिता भी रखा गया है, जिसमें प्रवेश शुल्क 200 रूपए है। प्रथम पुरस्कार 3001रू, द्वितीय पुरस्कार 2001 तृतीय पुरस्कार 1001 रू रखा गया है।

**अंचल की खबरें**

## केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य को कार्यों की दी जानकारी



**भिलाई।** दिल्ली पहुंचकर प्रदेश भाजपा नेता व भिलाई कैन डू पर्वत फाउंडेशन के अध्यक्ष अतुल पर्वत ने केंद्रीय मंत्री भारत के संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री भारत सरकार ज्योतिरादित्य सिंधिया से सौजन्य भेंट की व आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में संचार एवं सूचना विभाग से जुड़े विषयों पर चर्चा की, साथ ही मेरी संस्था भिलाई कैन डू पर्वत फाउंडेशन द्वारा समाज में किये जा रहे कार्यों की जानकारी भी दी।

## स्वच्छता कर्मियों का स्वास्थ्य जांच कर बांटी दवाई




**पाटन।** मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत पाटन के स्वच्छता दीदीयों जो निकाय के पूरे क्षेत्र को साफ सफाई करने में पूरी लगन से कार्यरत है उन्हें मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण प्रत्येक माह में किया जा रहा है। साथ ही खून की जांच शुगर, थायरॉयड, विटामिन डी अन्य प्रकार की जांच के साथ आवश्यकतानुसार दवाई दिया जाता है। मोबाइल मेडिकल टीम के डॉ. संजय सिन्हा, फार्मासिस्ट परमेश्वर साहू, लैब टेक्नीशियन रुपाली सिन्हा, नर्स कुसुम साहू एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर प्रवीण कुम्भकार सभी अपने दायित्वो का निर्वहन निष्ठा पूर्ण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना की निगरानी मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमन्त कुमार वर्मा के द्वारा किया जा रहा है।

## गाँधी विद्या पीठ में हुआ वार्षिक उत्सव



**भिलाई।** गाँधी विद्या पीठ इंग्लिश मिडियम स्कूल में वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम पुरुषोत्तम देवांगन, जिला अध्यक्ष भाजपा भिलाई के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि योगेन्द्र सिंह महामंत्री भाजपा, शैलेन्द्र सिंह विधायक प्रतिनिधि वैशाली नगर विधान सभा उपस्थित थे। संस्था के अध्यक्ष सुरेश कुमार ने अतिथियों एवं पालकों का अभिवादन करते हुए कहा कि यह संस्था आप सभी के सहयोग एवं आशीर्वाद से उत्कृष्ट शिक्षा एवं उत्कृष्ट परिणाम प्रदान करते हुए उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर है। मुख्य अतिथि पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि गाँधी विद्या पीठ एक ऐसी संस्था है जो सभी वर्ग को बिना भेदभाव के कम फीस में अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करती है। सभी कक्षाओं के बच्चों ने अपने उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन चन्द्र शेखर परगनिहा कोषाध्यक्ष, रिशिका चटर्जी उषा कुंडू द्वारा किया गया।

## छात्राओं की प्रवेश संख्या में बढ़ोत्तरी महिला सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय कदम



**पाटन।** शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय पाटन में वार्षिकोत्सव उमंग 2025 का आगाज महाविद्यालय प्रांगण में दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा की अध्यक्षता, जितेंद्र वर्मा निवर्तमान जिलाध्यक्ष भाजपा दुर्ग जिला, सुरेन्द्र कौशिक जिलाध्यक्ष भाजपा दुर्ग, अध्यक्ष जनभागीदारी प्रबंधन समिति पाटन कालेज, हर्षा चंद्राकर सदस्य जिला पंचायत सदस्य, रानी बंछोर, अध्यक्ष भाजपा मध्य पाटन मंडल, आर आर चक्रधर सेवानिवृत्त शिक्षक, शैलेष मिश्रा समजासेवी व जनभागीदारी सदस्य के विशेष आतिथ्य में प्रारम्भ हुआ। जनभागीदारी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने कहा हमारे नगर के कालेज की समस्या हमारे घर की समस्या है इसका निराकरण करना हम सभी का दायित्व है। कालेजों में छात्राओं की बढ़ती हुई संख्या पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा की हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के कारण आज ये परिणाम है की शैक्षणिक संस्थाओं में लगातार छात्राओं की संख्या में वृद्धि होने से हमारा समाज महिला सशक्तिकरण दिशा में अग्रसर है। स्पर्धाओ मे निबंध लेखन, वाद विवाद, तात्कालिक भाषण, रंगोली, मेहंदी, सलाद सजाओ, छत्तीसगढ़ी व्यंजन स्पर्धाओ के विजेताओं, उपविजेताओं, शैक्षणिक, खेल, प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

- वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र-छात्राएं हुए पुरस्कृत

## लोगों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना हमारी नैतिक जिम्मेदारीः विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विनायकपुर में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं नवीन विकास कार्यों के भूमिपूजन समारोह में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर, कार्यक्रम की अध्यक्षता निकुम भाजपा मंडल अध्यक्ष लीकेश्वर देशमुख व विशेष अतिथि सरपंच ललिता गजपाल, महामंत्री पुरान देशमुख, पुकेश चंद्राकर, अजीत चंद्राकर, बूथ अध्यक्ष जगन्नाथ देवांगन, युवराज यादव, मोती मारकंडे, त्रेता चंद्राकर, शक्तिबाई, वेदनाथ देशमुख, रेखा लाल देशमुख, महेंद्र चौपड़ा, रितेश जैन, प्रदीप दिल्लीवार और ग्रामवासी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने दान पुण्य के महापर्व छेरछेरा पुन्नी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने एक साल पूरे कर लिये हैं और इस एक साल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दी गई गारंटी के अनुरूप हमने हर वर्ग से जुड़े वायदों को पूरा किया है। हम हर महीने महतारी वंदन योजना की राशि माताओं और बहनों के खाते में भेज देते हैं। पहली तारीख को ही जब हमारी माताओं और बहनों के मोबाइल में मैसेज आता है तो उनके चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। माताओं-बहनों के चेहरे पर आई यह मुस्कान ही हमारे कार्य की सार्थकता है। विधायक चंद्राकर ने आगे कहा कि हमारी सरकार की कृषि हितैषी नीतियों की वजह से किसान फिर से खेती में लौट आये हैं। इस बार 27 लाख से अधिक किसान भाइयों ने धान बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। पिछले साल यह आंकड़ा 24 लाख 75 हजार का था। कोंडागांव जिले में अब तक 40 हजार से अधिक किसान भाई अपना धान बेच चुके हैं और अब तक हम 552 करोड़ रुपए का भुगतान कर चुके हैं। हमने कैबिनेट की पहली ही बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किये। लाखों लोगों का मकान का सपना पूरा हुआ।

- विनायकपुर में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक चंद्राकर



**इन विकास कार्यों की रखी नींव**

बाजार चौक में गौठान के पास सार्वजनिक मंच निर्माण लागत राशि 3.80 लाख रुपए, व्यवसायिक परिसर में कांप्लेक्स निर्माण लागत राशि 19.43लाख रुपए, लोकार्पण मैहर समाज सामुदायिक भवन निर्माण लागत राशि 5.00 लाख रुपए, दिल्लीवार पारा सामुदायिक भवन निर्माण लागत राशि 10 लाख रुपए, वार्ड नंबर 17 शीतला पारा में शेड निर्माण कार्य लागत राशि 5.00लाख रुपए, सीसी रोड खुमान दिल्लीवार घर से धनसाय घर तक लागत राशि 3.20 रुपए, सीसी रोड निर्माण कार्य अरुण गजपाल घर से टुम्मन घर तकलगत राशि 4.30 लाख रुपए, निर्मित कार्यों का लोकार्पण किया गया।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति




**भिलाई।** श्रद्धा मान्टेसरी इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल खुर्सीपार भिलाई में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव मनाया गया। विद्यालय का 24 वां वार्षिकोत्सव समारोह की शुरुआत प्राचार्या चतुर्वेदी के द्वारा सभी अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं राज्य मंत्री बीडी कुरैशी, संस्था के अध्यक्ष आरसी दुबे एवं सचिव राधा रमण चौबे, पालक शिक्षक समिति के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश दुबे, पूर्व नगर निगम के सभापति श्याम सुंदर राव एवं शाउमावि पं जवाहरलाल नेहरू न्यू खुर्सीपार नोडल अधिकारी प्रीति गुप्ता द्वारा माँ सरस्वती की वंदना की गई। अनूप कुमार चतुर्वेदी स्कूल एडमिनिस्ट्रेटर द्वारा धन्यवाद दिया गया। केजी 1 से बी कुसुम, केजी 2 आशा, क्लास 2 से एम तनुशा, जी. वैनिला, क्लास 3 से श्रेया इन नन्ही बालिकाओं ने भरत नाट्यम की मनमोहक प्रस्तुति दी। वहीं 11वीं की सुहानी बीं वनीशा ने शिव पार्वती का एक्ट नृत्य से प्रस्तुत किया।

**बिजनेस साइट**

## ग्रामीण भारत में निवेश के लगातार बढ़ते अवसर



**पी. गनपति**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, भिलाई

**भिलाई।** ग्रामीण भारत का माहौल काफी तेजी से बदल रहा है। यह अब केवल कृषि-संचालित अर्थव्यवस्था नहीं है, बल्कि मैन्युफैक्चरिंग, निर्माण और व्यापार गतिविधियां जैसे क्षेत्र इसके विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। लगभग 99 प्रतिशत गांव सड़कों, पुलों और बिजली से अच्छी तरह जुड़े हुए हैं, मोबाइल की पहुंच अपने चरम पर है, शिक्षा और मेडिकल सुविधाएं बेहतर हो रही हैं, साक्षरता दर अब तक के उच्चतम स्तर पर है, औसत प्रति व्यक्ति आय 2000 डॉलर को पार कर गई है - जिससे डिस्पोजेबल आय पैदा हो रही है, जिसके परिणामस्वरूप ग्रामीण खपत में वृद्धि हुई है।

इस तथ्य को देखते हुए कि भारत की लगभग दो तिहाई आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है, जबकि सकल घरेलू उत्पाद में योगदान लगभग 46 प्रतिशत है, रूरल थीम निवेश के लिए भविष्य के लिए सही अवसर प्रस्तुत कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए निरंतर सरकारी उपायों ने अपना सकारात्मक प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया है। ग्रामीण भारत में एक लॉन्गटर्म स्ट्रक्चरल कहानी सामने आ रही है। प्रमुख निगमों की हालिया टिप्पणियों से स्पष्ट रूप से पता चलता है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं से मांग बढ़ रही है। वास्तव में, समग्र निवेश पोर्टफोलियो के लिए ग्रामीण क्षेत्रों को अब और नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

कोविड के बाद, शहरी अर्थव्यवस्था में तेज सुधार हुआ। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्र में धीमी गति से सुधार हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में आगे चलकर उच्च वृद्धि के लिए अब पहले से ही संकेत दिखाई देने लगे हैं। ग्रामीण खर्च में खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी घटकर 46 प्रतिशत रह गई है, जो मनमर्जी से खर्च में वृद्धि को दर्शाता है। यह ध्यान देने योग्य है कि शहरी केंद्रों में प्रति व्यक्ति आय एक दशक पहले 2000 डॉलर के आंकड़े को पार कर गई थी, जिसने सभी प्रमुख क्षेत्रों में खपत को बढ़ावा दिया। ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं के लिए भी ऐसी ही कहानी सामने आने की संभावना है, क्योंकि उनकी आय के साथ-साथ आय के स्त्रोत भी बढ़ रहे हैं।

निवेशकों को भारत के ग्रामीण विकास की स्ट्रक्चरल ग्रोथ की कहानी की लहर पर सवार होने पर विचार करना चाहिए। वे म्यूचुअल फंड योजनाओं पर विचार कर सकते हैं जो ग्रामीण भारत से निकलने वाले अवसरों पर ध्यान केंद्रित करती हैं। लंबी अवधि में, ऐसे निवेशों से महत्वपूर्ण मूल्य जुड़ने की संभावना है क्योंकि ग्रामीण भारत भारत की ओवरऑल ग्रोथ स्टोरी को तेजी देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

इसके साथ ही, निवेशक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड की नई ऑफर - आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल रूरल ऑपर्च्युनिटीज फंड पर विचार कर सकते हैं। रूरल और एलाइड थीम पर केंद्रित यह ओपन-एंडेड इक्विटी योजना 9 जनवरी, 2025 से 23 जनवरी, 2025 तक निवेश के लिए उपलब्ध होगी। यह फंड मुख्य रूप से ग्रामीण भारत की वृद्धि और विकास से लाभान्वित होने वाले क्षेत्रों और कंपनियों पर केंद्रित है।

**बिजनेस साइट**

## बाफना बायोटेक ने फॉर्मेसी स्टूडेंट के लिए दिया रोजगार का अवसर



**भिलाई।** एमजे कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी भिलाई के तत्वावधान में बाफना बायोटेक, धमतरी का कैंपस सलेक्शन का सफल आयोजन किया गया। यह विशेष कैंपस ड्राइव का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के प्रतिभाशाली छात्रों को नौकरी के अवसर प्रदान करना था। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न कॉलेजों एवं विश्वविद्यालय के 125 छात्रों ने भाग लिया। जिन्होंने अपने कौशल और क्षमताओं को बाफना बायोटेक के प्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्तुत किए। जिसमें पल्लवी नामदेव एवं लिलेश कुमार साहू ने छात्रों को शारीरिक जटिलताओं को लेकर अनुसंधान और हर दिन विभिन्न फार्मेसी कंपनियों द्वारा नए-नए तरह के दवाईया ईजाद होने की जानकारी दी है। कंपनी की परिचय के साथ उनके आने वाले उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रोत्साहन भी दिया एवं साथ ही चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। चयनित विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया गया। कैंपस ड्राइव ने छात्रों के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया। ये फार्मास्युटिकल उद्योग में करियर के अवसरों को अन्वेषित कर सके। जिसमें 28 छात्रों का कैंपस चयन किया गया। संस्था के प्रबंधन, बाफना बायोटेक के सहयोग और हमारे छात्रों को इस अमूल्य रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए आभारी है। संस्था के फॉर्मेसी प्राचार्य राहुल सिंह ने छात्रों के समर्पण और उत्साह की सराहना किया।

## खेलोत्सव में विजेताओं को किया पुरस्कृत



**भिलाई।** हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, दुर्ग के प्रांगण में वार्षिक खेलोत्सव का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए 50 मी., 100 मी., गुब्बारा दौड़, बॉल रेस, नींबू दौड़, जिग जैग रेस आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कक्षा छठवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए खो-खो, बास्केटबॉल, क्रिकेट, 200 मी. रेस तथा अन्य प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। वार्षिक प्रतियोगिताएँ व अन्य गतिविधियों के आधार पर इनोवेटर हाऊस येलो हाऊस को विजयी घोषित कर ट्रॉफी प्रदान की गई। शाला की एकेडेमिक डायरेक्टर दीप्ति तिवारी, डायरेक्टर ऑपरेशन्स मनीष तिवारी, निर्देशक ब्रजमोहन उपाध्याय द्वारा विजेताओं को शुभकामनाएं दिए।

## खैरझिटी में हुआ क्रिकेट प्रतियोगिता



**धमधा।** ग्राम खैरझिटी में युवाओं द्वारा क्रिकेट का आयोजन किया। जिसके समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल रहे। अध्यक्षता जनपद पंचायत सदस्य डॉक्टर रघुनंदन वर्मा, विशिष्ट अतिथि सरपंच जोहान वर्मा, सरपंच गिरवर वर्मा, पूर्व सरपंच मोतीराम वर्मा, आत्मा साहू अध्यक्ष किसान बंधु संगठन, तामेश्वर वर्मा उप सरपंच, शंकर वर्मा उप सरपंच, धनेश्वर वर्मा, गिरीश साहू, देवेंद्र वर्मा, लेख राम वर्मा, हुकुमचंद साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंदेल ने कहा कि खेल युवा पीढ़ी के प्रतिभा को दर्शाता है आज के युग में युवाओं को खेलकूद के प्रति रुचि अवश्य ही रखनी चाहिए।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## देवलाल को मिला विवेकानंद राष्ट्रीय प्राचार्य पुरस्कार



**पाटन।** एके गोयल पब्लिक स्कूल पाटन के प्राचार्य देवलाल यादव को स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय प्राचार्य पुरस्कार मिला। विगत 18 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए एके गोयल पब्लिक स्कूल पाटन के प्राचार्य देवलाल यादव को स्वामी विवेकानंद जयंती पर आयोजित प्रतिभा सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह में स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय प्राचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि प्राचार्य यादव को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के लिए जाना जाता है, जिसके माध्यम से वे छात्रों को विषय चयन तथा उन्हें कैरियर बनाने में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। अब तक 17 छात्र-छात्राएं एमबीबीएस डॉक्टर, 1 छात्रा भारतीय प्रशानिक सेवा में कलेक्टर के पद पर चयनित हो चुके हैं।

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 13.2 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 15 जनवरी 2025

12 लोगों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना हमारी नैतिक जिम्मेदारीः विधायक ललित



12 छात्राओं की प्रवेश संख्या में बढ़ोत्तरी महिला सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय कदम





# भागवत कथा के मिले दान से जरुरतमंद बेटियों का कन्यादान कर रहे आचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

भागवत कथा में मिले दान को आमतौर पर प्रवचनकर्ता अपने साथ ले जाते हैं लेकिन आचार्य नयन शास्त्री इसी दान से जरूरतमंद बेटियों की शादी करने की नई सोच व पहल की है। भागवत कथावाचक आचार्य शास्त्री की विशेषता यह भी है कि वे भागवत सप्ताह के विराम के बाद दान में मिली साड़ी व अन्य सामग्रियों को भी साथ नहीं ले जाते। इन सामग्रियों का उपयोग जरूरतमंद बेटियों के विवाह में करते हैं। कन्यादान स्वयं की करते हैं। अब तक 332 बेटियों का विवाह करवा चुके हैं।

## आचार्य नरेन्द्र नयन शास्त्री अब तक कर चुके हैं 332 बेटियों का विवाह

### चावल देखकर बताते हैं भविष्य, भक्तों में बढ़ रहा विश्वास

अलग खबर

आचार्य नरेन्द्र नयन शास्त्री बाबा के रूप में प्रसिद्ध हैं। इसलिए कि वे चावल देखकर लोगों के भूत व भविष्य बताते हैं। एक बार फिर से अपने श्रीमद्भागवत पुराण कथा के अवसर पर यजमानों द्वारा आचार्य एवं भागवत भगवान को की गई भेट को ग्राम चांदना (राजिम) निवासी जरूरत मंद बेटी को उनके विवाह हेतु दान किया गया। आचार्य के इस पहल से जरूरतमंद बेटियो कें परिजनों मे आचार्य के प्रति आस्था और विश्वास का अटूट रिश्ता बनता जा रहा है। समाज के विद्वतजनों को एक नवीन प्रेरणा भी मिल रही है कि समाज को जरुरत मंद बेटियों के प्रति हमारा क्या सोच, और प्रयास होना चाहिए जिससे बेटियों का जीवन संवर जाए उन्हे कभी कोई अभाव का दंश ना झेलना पड़े। इस अभियान की भक्तगण बड़ी सराहना कर रहे हैं।



### 332 वें बेटी का किया कन्यादान

आचार्य ने कन्यादान को एक अभियान के रूप में लिया है। वे बताते हैं कि रायपुर चंगोराभाठा मे आयोजित श्रीमद्भागवत पुराण कथा आयोजन के दौरान श्रीमद्भागवत कथा पंडाल से 332वें बेटी का कन्यादान किया। ग्राम चंदना राजिम निवासी कु शशिकला निर्मलकर को चढौत्री की नकद रूपए, सोने एवं चांदी के जेवर,बर्तन,टीवी,फ्रीज, आलमारी अनाज किराना समान आदि समस्त वस्तुओ का दान कर समाज मे बेटियों के प्रति हमारी दायित्वों का नवीन उदाहरण प्रस्तुत किया है। वे भगवत कथा से अपने लिए कुछ भी नहीं ले जाते है। आपने अपने कथा प्रसंग मे भी बेटियों के प्रति अपने दृष्टिकोण को स्पष्ट करते रहते है अर्थात जैसा कहते है स्वयं वैसा ही करते भी है,यही कारण है कि उनकी ख्याति दिनो दिन बढ़ती ही जा रही है। उनका कहना है कि जिस दिन कथाकार प्राप्ति के विचार से बाहर आकर कथा करेगा, प्राप्ति के सद्उपयोग करेगा तो कोई संदेह नही कि हर यजमान परीक्षित और हर कथाकार सुखदेव जी होगे और गोविंद की साक्षित्व होगा अर्थात परम कल्याण होगा।

## खबर संक्षेप

### लोहे का सामान चोरी करने वाला पकड़ाया



**भिलाई।** भारत माला सड़क निर्माण में लग रहे लोहे के सामान को पार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। उतई टीआई विपिन रंगारे ने बताया कि चौकीदार हरि बंजारे ने शिकायत किया कि ग्राम पुरई बजरंग बली मंदिर के पास भारत माला में उपयोग करने वाला लोहा जेक पाईप 5 वजनी 20 किलो ग्राम, 1 नग क्रिप्स वजनी 30 किलो ग्राम 10 हजार का अज्ञात ने चोरी कर फरार हो गया है। फरार होने वाले चोर बाइक में सवार होकर पहुंचे थे जिसमें दो युवक शामिल है। पुलिस चोरी के आरोपी की तलाश में जुट गई। बाइक सीजी 07 एलसी 0848 में लोहा लोड करने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने आरोपियों की खोजबीन शुरु किया। इस दौरान बाइक के आधार पर संदेही ग्राम पुरई प्रीतम साहू और एक अपचारी बालक को हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया। आरोपियों ने घटना को करना स्वीकार किया। चोरी के सामान को पुलिस ने जब्त किया है।

### मकान में चोरी करने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** चोरी के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 331(4), 305, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि ग्राम मुड़पार निवासी श्याम सिंह चौधरी ने शिकायत किया कि सूरज बंजारे और गोवर्धन जोशी नामक युवकों ने रात मकान का ताला तोड़कर पेटी में रखे नगदी एक हजार ,आधार कार्ड चोरी कर फरार हो गया था। जामुल पुलिस ने आरोपी की तलाश में जुटी रही और सूचना पर आरोपी सूरज बंजारे को पहले गिरफ्तार कर चुकी थी। फरार चल रहे गोवर्धन जोशी की तलाश में पुलिस थी। मौके मिलते ही आरोपी को घेरांबदी कर पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर सूरज बंजारे के साथ मकान से चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी से चोरी की रकम 200 रूपये,आधार कार्ड जब्त किया गया। कार्रवाई में टीआई कपिल देव पाण्डेय समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## दोहरा मापदंड : सबसे ज्यादा निकायों का बिजली बिल बकाया 37.97 करोड़

# निकायों व सरकारी विभागों ने 161 .23 करोड़ की जलाई बिजली, नहीं दिए बिल

देवीलाल साहू ▶▶भिलाई

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी इन दिनों आम बिजली उपभोक्ताओं का बकाया बिल वसूलने अभियान चला रही है। तीन महीने से ज्यादा बिजली बिल नहीं पटाने वालों का कनेक्शन काट रही है लेकिन हैरत की बात यह है कि सरकारी विभागों की तरफ झांक तक नहीं रही। अकेले दुर्ग विद्युत वितरण क्षेत्र के अंतर्गत के सरकारी और नगरीय निकायों ने जमकर बिजली की खपत की है और लाखों रुपए का बिल नहीं दिया। इन विभागों व निकायों ने विद्युत वितरण कंपनी के 161.23 करोड़ से ज्यादा का बिजली बिल जमा नहीं किए हैं।




### सबसे ज्यादा 57.81 करोड़ बिजली बिल निकायों का

बिजली की खपत सबसे ज्यादा नगरीय निकाय कर रहे हैं। निकायों ने 57.81 करोड़ रुपए की बिजली जलाई और उसका बिल जमा नहीं किया है। नगरनिगमों ने 37.97 करोड़ और नगरपालिकाओं ने 19.84 करोड़ रुपए की बिजली जलाई है। नगरनिगम दुर्ग, नगरनिगम भिलाई, नगरनिगम भिलाई तीन चरोदा, नगरनिगम रिसाली शामिल हैं।

### राजस्व विभाग का 1.93 करोड़ बाकी

राजस्व विभाग आम लोगों से राजस्व वसूली करती है लेकिन इस विभाग ने अपना ही बिजली बिल नहीं पटाया है। इस विभाग का1.93 करोड़ रुपए का बिजली बिल बाकी है। इसी तरह जलसंसाधन विभाग का 226 लाख रुपए, पुलिस विभाग का 193 लाख रुपए, वनविभाग का 43.36 लाख रुपए बिजली बिल नहीं जमा किए हैं। आदिम जाति कल्याण विभाग ने भी बिल नहीं दिया। इस विभाग को बिजली का 60 लाख रुपए से ज्यादा पटाना है।

### महिला एवं बाल विकास विभाग के 85 लाख रुपए

महिला एवं बाल विकास विभाग ने 85 लाख से ज्यादा का बिजली बिल नहीं दिया है। 133 सरकारी समितियों ने 40.22 लाख रुपए का बिजली बिल नहीं दिया। स्वास्थ्य विभाग ने 355 कनेक्शन का 156.72 लाख रुपए नहीं जमा किए। लोक निर्माण विभाग भी बिजली बिल नहीं पटा रही है। इस विभाग से राजय विद्युत वितरण कंपनी को 100 कनेक्शन का 89 लाख रुपए लेना है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने 126 कनेक्शन लिए हैं और इनका 6.25 करोड़ रुपए का बिल बाकी है।

### 52 सरकारी विभागों का 21 करोड़ बाकी

दुर्ग क्षेत्र में 52 सरकारी विभागों में बिजली कनेक्शन लगे हैं। ये सभी विभाग राज्य शासन के अंतर्गत संचालित हैं। इन विभागों का 5976 बिजली कनेक्शन के मीटर लगे हैं। जिनका 21 करोड़ 27 लाख रुपए बाकी है। विभागों द्वारा समय पर बिजली बिल नहीं पटाए जाने की वजह से राज्य विद्युत वितरण कंपनी का दबाव दुर्ग क्षेत्र पर बढ़ा है। जिसकी वजह से कंपनी के अधिकारी लोगों के घरों में जाकर बकाया बिजली बिल वसूली कर रहे हैं लेकिन विभाग सरकार की होने की वजह से चुप्पी साधे हुए हैं।

### जानिए सरकारी विभागों व नगरीय निकाय का बकाया

| नगरीय निकाय | |
|---|---|
| नगरनिगम जलप्रदाय- | 1489.75 लाख |
| नगर निगम सड़क बत्ती- | 1728.73 लाख |
| नगरनिगम अन्य- | 578.52 लाख |
| नगरपालिका जलप्रदाय- | 1448.36 लाख |
| नगरपालिका सड़क बत्ती- | 389.22 लाख |
| नगरपालिका अन्य- | 146.93 लाख |
| नगर पंचायत जलप्रदाय- | 1007 लाख |
| नगर पंचायत सड़क बत्ती- | 352.54 लाख |
| नगर पंचायत अन्य- | 156.76 लाख |
| ग्राम पंचायत जलप्रदाय- | 5109 लाख |
| ग्राम पंचायत सड़क बत्ती- | 1246 लाख |
| ग्राम पंचायत अन्य- | 331. 12 लाख |

| | |
|---|---|
| जल संसाधन- | 226 लाख |
| राजस्व विभाग- | 193 लाख |
| पुलिस विभाग- | 92 लाख |
| वन विभाग- | 43 लाख |
| परिवहन विभाग- | 0.68 लाख |
| कृषि विभाग- | 6.07 लाख |
| मतस्य पालन विभाग- | 3.21 लाख |
| न्यायालय विभाग- | 94.48 लाख |
| लोक निर्माण विभाग- | 89.08 लाख |
| शिक्षा विभाग- | 193.21 लाख |
| स्वास्थ्य विभाग- | 156.72 लाख |
| आदिम जाति कल्याण विभाग- | 60.09 लाख |
| पंचायत एंव ग्रामीण विकास - | 40.29 लाख |
| लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी - | 624.79 लाख |
| ग्रामोद्योग- | 0.49 लाख |
| पशु चिकित्सा विभाग- | 2.50 लाख |
| महिला एंव बाल विकास - | 85.11 लाख |
| आरईएआर विभाग- | 0.19 लाख |
| वाणिज्य कर विभाग- | 0. 84 लाख |
| आइटीआई- | 21.51 लाख |
| वेयर हाउसिंग- | 5.03 लाख |
| पशुपालन विभाग- | 27.61 लाख |
| उच्च शिक्षा विभाग- | 6.52 लाख |
| हाउसिंग बोर्ड - | 89.49 लाख |
| अन्य विभाग- | 18.97 लाख |

नोटः यह बकाया राशि अक्टूबर 2024 तक

### नगर पंचायतों ने जलाई 15.16 करोड़ की बिजली

दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत 11 नगर पंचायत आते हैं। इन नगर पंचायतों ने सड़क बत्ती और जल प्रदाय करने के लिए बिजली की खपत की। इसी तरह ग्राम पंचायतों का भी बिजली बिल नहीं पटा है। ग्राम पंचायतों ने 66.87 करोड़ रुपए का बिजली बिल भुगतान नहीं किया है। ग्राम पंचायतों के सड़क बत्ती के 12.47 करोड़ बाकी है। जलप्रदाय के 5109 लाख रुपए और अन्य उपयोग के 333 लाख रुपए का बिल जमा नहीं किया है।

### राज्य से फंड का इंतजार

सरकारी विभागों, नगरीय निकायों, नगर पंचायतों व ग्राम पंचायतों द्वारा बिजली की खपत बेहिसाब की जाती है। खासकर गर्मी के दिनों में दिन-रात कूलर, पंखे व एसी चलते हैं। इसका असर लोड पर पड़ता है। आम उपभोक्ताओं की बिजली ट्रिप हो जाती है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि राज्य से बिजली बिल का फंड का इंतजार है। फंड आने पर बिजली बिल का भुगतान कर देंगे।

# प्रोफेसर हमले का अब राज जानेगी पुलिस

## पुलिस को मिली आरोपियों की रिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

शासकीय खूबचंद बघेल भिलाई तीन में पदस्थ प्रोफेसर विनोद शर्मा पर हुए हमले का मास्टर माइंड प्रोबीर शर्मा और उसका दोस्त धीरज वस्त्राकार को पुलिस ने न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अमिता जायसवाल के यहां से 8 दिनों का पुलिस रिमाण्ड मिला है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 296, 109, 352 (2), 249 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। प्रो विनोद शर्मा पर हमला करने का कारण, किसके कहने पर किया गया और साजिशकर्ता कौन है। इसे लेकर पुलिस पूछताछ करेगी। प्रोबीर शर्मा घटना को अंजाम देने के बाद कहां-कहां पर गया और इस अपराध में और कौन-कौन शामिल है। जिसकी जानकारी प्रोबीर शर्मा, शुभम मिश्रा, धीरज वस्त्राकार को लग चुकी थी। तीनों आरोपी अपने-अपने ठिकानों पर फरार होकर पुलिस से छिप रहे थे। तब प्रोबीर शर्मा कर्नाटक, मथुरा, पंजाब और आंध्रप्रदेश के काकनीनाडा में छुप कर बैठा हुआ था। आरोपियों का पुलिस रिमाण्ड न्यायालय भिलाई तीन ने 14 से 21 जनवरी तक है। 22 जनवरी को पुलिस न्यायालय में पेश करेगी। न्यायालय ने रेलवे कर्मी टी पवन कुमार को धारा 249 बीएनएस में 50 हजार के मुचलके पर जमानत दिया है। न्यायालय में भिलाई तीन शहर के तीन थाना प्रभारी और एक सीएसपी सुरक्षा व्यवस्था में जुटे रहे। मंगलवार की देर शाम प्रोबीर, धीरज वस्त्राकार, रेलवे कर्मी टी पवन को पेश किया गया।


न्यायालय परिसर में हमले के आरोपी।

### प्रदेश से बाहर फेंका मोबाइल

पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रोबीर शर्मा समेत उसकी टीम ने घटना को अंजाम देने के बाद जिस समय मोबाइल का इस्तेमाल किया गया था। उस मोबाइल को आरोपी ने छत्तीसगढ़ के बाहर फेंक कर आगे बढ़ गए थे। उक्त मोबाइल की बरामदगी के लिए पुलिस की टीम आरोपी को उस प्रदेश में लेकर जाएगी। इसके अलावा रिमांड के दौरान पुलिस पूछताछ की विडियो ग्राफी कराने की बात सामने आई है। साथ ही साथ पुलिस को प्रोबीर शर्मा के मोबाइल कई अहम सुराग भी हाथ लगा है। जिसमें कई लोगों से बातचीत करने को लेकर बात सामने आई है। जांच के बाद पुलिस इसमें बड़ा खुलासा कर सकती है।

### आरोपियों से कई लोग मिले

प्रोफेसर विनोद शर्मा के हमले का मास्टर माइंड प्रोबीर शर्मा से मिलने सैकड़ों की संख्या में कई लोग न्यायालय भिलाई तीन पहुंचे थे। जिसमें भिलाई-चरोदा निगम के कुछ पार्षद, जनप्रतिनिधि भी शामिल है। कड़ी सुरक्षा के बीछ आरोपियों को न्यायालय लाया गया था। न्यायालय में मोबाइल को लेकर बुधवार को सुनवाई होनी है। जिसका फैसला आज आ सकता है। पुलिस ने प्रोबीर शर्मा के पास से दो एप्लल के मोबाइल और चैतन्य बघेल, उसकी बहन का मोबाइल पुलिस अभिरक्षा में है। उक्त चारों मोबाइल को पुलिस चेक करेगी।

### आठ दिनों की मिली रिमाण्ड

हमले के आरोपियों को पुलिस ने आठ दिनों के रिमांड में न्यायालय से लिया है। 21 जनवरी को पुन: न्यायालय में पेश किया जाएगा। आरोपियों से प्रकरण से संबंधि सभी पहलुओं की बारीकी से पूछताछ की जाएगी।

-हरिश पाटिल, सीएसपी छावनी

## वैशालीनगर पुलिस ने छह जुआरियों को किया गिरफ्तार

# सार्वजनिक स्थान पर चल रहा जुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

सार्वजनिक स्थान जुआं खेल रहे 6 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जुआरियों के पास से पुलिस ने नगदी रकम ताश पत्ती बरामद किया है। जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि वृंदा नगर छपरा मोहल्ला गली में बिजली खंभे के नीचे लाईट के नीचे युवकों द्वारा जुआ खेलने की सूचना मिली। मौके पर पुलिस तुरंत पहुंची और घेराबंदी कर जवाहर नगर हनुमान मंदिर के पास भिलाई निवासी सुखदेव सोनकर, छपरा मोहल्ला वृंदा नगर राहुल यादव , मनीष लाडेकर, विश्वजीत यादव , प्रेम सिंह , कैंम्प 1 वृंदा नगर मनीष राजपुत को गिरफ्तार किया गया। जुआरियों के पास से पुलिस ने ताश पत्ती और नगद 18 हजार जब्त किया गया है। घटना थाना वैशाली नगर थाना क्षेत्र की है।

## पावर हाउस के पास की घटना में कटी पतंग से नाक में आई चोट

# चाइनीज मांझा से फिर बाइक सवार घायल, उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई



चाइनीज मांजा से फिर एक बाइक सवार घायल हो गया है। घटना पावर हाउस के पास की है,युवक को नाक और आंख के पास गंभीर चोट आई है। गंभीर अवस्था में उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार शाम फरीद नगर निवासी फिरोज खान छावनी चौक पावर हाउस की तरफ जा रहा था। तभी ओवर ब्रिज के पास अचानक कटी पतंग चेहरे के पास उड़ते हुए आई और पतंग में लगे चाइनीज मांझे से उसकी नाक और आंख कटी है। घटना के बाद युवक के दोस्तों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसके चेहरे पर 6 टांके लगे है। शहर में चायनीज मांजे को लेकर नगर निगम सजग होकर कार्रवाई किया लेकिन अब भी दुकानों में चायनीज मांजा का कारोबार बेखौफ तरीके से जारी है। फिलहाल चाइनीज मांजा का अवैध कारोबार बंद नहीं हो पाया है। उक्त मांजे से अब तक जिले में आधा दर्ज से अधिक लोग घायल हो चुके है।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➜ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➜ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➜ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

## बोरीगारका में मिला 359 कट्टा धान अतिरिक्त, हिर्री में 28 क्विंटल शार्टेज

# आधा दर्जन उपार्जन केन्द्रों के धान स्टाक में गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

धान खरीदी केन्द्रों में शार्टेज के बजाय अतिरिक्त धान मिलने से अफसरों के होश उड़ गए हैं। राज्य शासन द्वारा स्टाक मिलान के लिए भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए है।

ऐसे में आशंका जताई जा रही थी कि, जांच में सोसायटियों से धान कम मिलेगा। लेकिन यहां उलट हो गया है और लाखों रूपए का धान अधिक पाया गया है। जांच टीम की माने तो कोचियां के धान को खपाने का यहां प्रबंधको द्वारा षडयंत्र रचा जा रहा है। पिछले धान खरीदी की शुरूआती दौर से ही किसान अधिक धान तौलाई की शिकायत कर रहे थे। जांच में इस बात की पुष्टि हुई है कि, आधा दर्जन केन्द्रो में निर्धारित स्टाक से अधिक धान पाया गया हैं। इस तरह प्रबंधको द्वारा व्यापक पैमाने पर गडबडी की गई हैं।

जिले के 78 उपार्जन केन्द्रों में से छः केन्द्रों में करीब 14 लाख 5360 रूपए की गडबडी सामने आई हैं, यानि यहां अधिक धान पाया गया हैं। जिले के बोरीगारका, बोरी, हिर्री, टेमरी, दनिया और पाहरा उपार्जन केन्द्रों में गडबडी की रिपोर्ट कलेक्टर को भेज दी गई हैं। केन्द्रों में अनियमितता सामने आने के बाद प्रशासन द्वारा बडी कार्यवाही की जा सकती हैं। केन्द्रों में जांच से प्रबंधको के बीच हडकंप मची हुई हैं।

### छः सोसायटी में मिला 457 क्विंटल धान अधिक

खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के बोरीगारका सोसायटी में ज्यादा गडबडी मिली हैं। यहां 359 कट्टा धान को कोई हिसाब नही मिला है। आशंका जताई गई है कि, यहां बाहरी कोचियां के धान को खपाए जाने की तैयारी प्रबंधक द्वारा की गई थी। इसी तरह बोरी सोसायटी में मोटा धान तीस क्विंटल और पतला 88 क्विंटल, सरना 25 क्विंटल अधिक पाया गया। वहीं हिर्री केन्द्र में मोटा 28 क्विंटल शार्टेज मिला है और पतला धान 5.6 क्विंटल ज्यादा मिला हैं। दनिया में 36 क्विंटल पतला धान अधिक व सरना 11.6 क्विंटल अधिक पाया गया। इस तरह करीब 14 लाख से अधिक का धान अतिरिक्त मिला हैं।



### जांच जारी

राज्य शासन के निर्देश पर टीम द्वारा केन्द्रों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा हैं। जांच रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी गई हैं।

-टीएस अतरी, प्रभारी खाद्य नियंत्रक दुर्ग

### बनाई गई है जांच टीम, कोचियां का खप रहा धान

राज्य शासन द्वारा इस बार शुरूआती दौर में ही जांच कराई जा रही है, ताकि जिम्मेदारी तय की जा सके। इस तरह की जांच प्रदेशभर में हो रही हैं। बिलासपुर जिले में तो सबसे ज्यादा पाचं केन्द्रों में ही 52.84 लाख की गडबडी मिली हैं। खाद्य नियंत्रक टीएस अत्री ने बताया कि, शासन के निर्देशानुसार उपार्जन केन्द्रों का सत्यापन तीन चरणों में किया जाएगा पहला चरण 7 से 14, दूसरा 14 से 22 एवं तृतीय चरण 23 से 31 जनवरी के बीच किया जाएगा। जिले में 102 उपार्जन केन्द्रों के लिए दल का गठन पूरा कर लिया गया है। सभी 102 दल में 3-3 सदस्य है, जिन्हें सत्यापन कार्य एंड्राइड एप से करने कहा गया हें।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री




916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शर्तें लागू
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

## खबर संक्षेप



### जयंती पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

दुर्ग। शा पूर्व माध्यमिक विद्यालय चीचा ब्लाक धमधा मे स्वामी विवेकानंद जयंती पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा एवं तत्कालीन भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता परीक्षा युवा दिवस से प्रेरित युवा प्रेरणा स्त्रोत विवेकानंद के जीवनी, प्रेरणादायक विचार, शिकागो यात्रा और शिक्षा से जुड़े हुए प्रश्न पत्र शिक्षक संतोष कुमार बघेल द्वारा तैयार किया गया था। परीक्षा का उद्देश्य आने वाले समय में प्रतियोगिता परीक्षा से जोड़ना है वही तत्कालीन भाषण प्रतियोगिता से बच्चों मे अभिव्यक्ति कौशल के माध्यम से निखार लाना है। प्रतियोगिता के बाद विचार गोष्ठी हुए जिसमें कु हेमिन, कु पलक, कु नेहा, कु प्रियाशी और राघवेन्द्र ने विवेकानंदके विचारों, जीवनी, व्यक्तित्व विकास, धर्म सम्मेलन और नशा मुक्ति पर अपने विचार साझा किये। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में कक्षा आठवीं कि कु रोमा वर्मा प्रथम, ओमकार वर्मा द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तत्कालीन भाषण में कु शिवाली वर्मा प्रथम और रोमा वर्मा द्वितीय स्थान पर रहे।

### महिलाओं ने मनाया लोहड़ी व मकर संक्रांति



दुर्ग। कायस्थ सभा की महिलाओं द्वारा लोहड़ी और मकर संक्रांति का पर्व परँपरागत तरीक़े से हर्षोल्लास के साथ श्री चित्रगुप्त साँस्कृतिक भवन कसारीडीह दुर्ग में मनाया। इस अवसर पर सभी महिलाएं पारँपरिक परिधान पहने। उन्होंने गीत गाए, नृत्य किया, विभिन्न मनोरंजक खेल खेले एवं लजीज व्यंजन खाए एवं सभी महिलाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ श्रीमती सरिता श्रीवास्तव, श्रीमती सँगीता श्रीवास्तव, श्रीमती राधा वर्मा, श्रीमती सरोज श्रीवास्तव, श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव, श्रीमती अनुराधा बक्शी, श्रीमती पूनम श्रीवास्तव, श्रीमती अराधना खरे, श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव, श्रीमती पद्मा वर्मा, श्रीमती कविता वर्मा, श्रीमती अल्का श्रीवास्तव, श्रीमती श्रद्धा श्रीवास्तव, श्रीमती सुप्रिया वर्मा, श्रीमति शालिनी श्रीवास्तव, श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### बीआईटी में जिला स्तरीय कार्यक्रम 25 को

दुर्ग। भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग रायपुर के निर्देशानुसार 25 जनवरी 2025 को 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025 के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन बीआईटी दुर्ग के ऑडिटोरियम में दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी से मिली जनकारी अनुसार मतदाता दिवस हेतु पंचवाक्य थीम नथिंग लाइक वोटिंग, आई वोट फार सर निर्धारित किया है। मतदाता दिवस का आयोजन समस्त मतदान केन्द्रों एवं तहसील मुख्यालयों में भी किया जाएगा।

**बैठक : कलेक्टर के सख्त निर्देश फिर भी अधिकारियों की मनमानी**

# लंबे समय से गायब कर्मचारी और बंद योजनाओं की नहीं दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर के सख्त निर्देश के बाद भी विभाग के अधिकारी लापरवाही बरत रहे हैं। पिछले टीएल की बैठक में विभागों में लंबे समय से गायब कर्मचारियों की जानकारी कलेक्टर ने मांगी थी, वही उन्होने बंद योजनाओं की जानकारी भी मांगी थी। लेकिन विभाग के अधिकारियों ने जानकारी उपलब्ध नही कराई है। जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई हैं।

कलेक्टर चौधरी ने निर्देशों को विभागों अधिकारी गंभीरता से नही ले रहे है। इसके पहले भी आरटीओ विभाग को पुरानी गाडियों की विभागवार जानकारी मांगी गई थी। लेकिन उन्होने जानकारी उपलब्ध नही कराई है। कलेक्टर ने तालाबों में अतिक्रमण पर भी कार्यवाही के निर्देश दिए थे। लेकिन इसकी कार्यवाही छोड जांच तक नही की गई हैं। इसके आलावा राजस्व के लंबित प्रकरण आठ हजार से अधिक हो चुके है। लेकिन कलेक्टर के फटकार बाद भी लंबित प्रकरण पिछले सालभर से उतने के उतने ही हैं। मंगलवार को टीएल की बैठक में कलेक्टर ने अनुकम्पा नियुक्ति के निर्देश दिये। उन्होने लिखित जानकारी लेकर आवेदक से लेने कहा हैं। वहीं विभागों में स्थापना से संबंधित एवं अन्य देनदारियां आबंटन की अभाव में लंबित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा शासन के निर्देशानुसार लम्बे समय से कार्यालय में अनुपस्थित अधिकारी, कर्मचारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही होना है।

**कलेक्टर ने ली अफसरों की समीक्षा बैठक**




### रोक के बाद भी बंद योजनाओं का चल रहा खाता

कलेक्टर ने विभाग में 31 जनवरी 2025 को सेवा निवृत्त होने वाले अधिकारी, कर्मचारी का पेंशन पीपीओ जारी हो जाना चाहिए, कार्यालय प्रमुख अधिकारी यह सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा बंद योजनाओं के बैंक खाते भी बंद होना चाहिए। उन्होंने खाते बंद नहीं होने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र खाता बंद करने के निर्देश दिये। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने जिले में ई-ऑफिस की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली।

### मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह का आयोजन

कलेक्टर द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत आयोजित विवाह कार्यक्रम की जानकारी ली। बताया गया 15 जनवरी 2025 को सात विभिन्न स्थानों पर वैवाहिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 268 जोड़े का विवाह कार्यक्रम संपन्न होना है। स्कूल मैदान कोलिहापुरी में 55 जोड़े, विवेकानंद सभागार दुर्ग में 34 जोड़े, खण्डेलवाल भवन वैशाली नगर भिलाई में 32 जोड़े, सतनाम भवन भिलाई-3 में 20 जोड़े, रिक्रियेशन क्लब नंदिनी नगर अहिवारा में 72 जोड़े, दौलत वाटिका जामगांव एम में 15 जोड़े और खूबचंद बघेल सामुदायिक भवन पाटन में 40 जोड़े का विवाह संपन्न होगा।

# टिकट देते समय भावनाओं में न बहें, चुनें योग्य प्रत्याशी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भाजपा द्वारा मंगलवार को भाजपा कार्याय में आयोजित बैठक में नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रिस्तरीय चुनाव को पार्टी के प्रदेश नेतृत्व द्वारा तय किये गये दिशा निर्देशों से

■ पंचायत एवं निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने किया

अवगत कराया गया। प्रत्याशी चयन को लेकर पार्टी के दिशा निर्देश के बारे में जिला प्रभारी राजीव अग्रवाल ने कहा कि, पार्टी की प्राथमिकता है कि योग्य व्यक्ति का चयन प्रत्याशी के रूप में हो और चयन प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से हो। 15 या 16 जनवरी को सभी मंडलों में बैठक आहूत करके कार्यकर्ताओं से आव्हान किया जाए। प्रत्याशी चयन करते समय भावनाओं में बहे बिना निर्णय करें। व्यक्तिगत संबंधों को दरकिनार कर पार्टी हित में निर्णय लेते हुए जीतने योग्य अच्छे नाम को प्रत्याशी के रूप में आगे करें। आगामी त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव को लेकर दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में जिला प्रभारी राजीव अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में हुई बैठक में ग्रामीण विकास एवं पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू, पूर्व विधायक सावलाराम डहरे, निवर्तमान जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंद्रिका चंद्राकर, उषा टावरी, उपाध्यक्ष राजेन्द्र पाध्ये, दिलीप साहू, उतई नगर पंचायत चुनाव प्रभारी मनोज सोनी, धमधा नगर पंचायत चुनाव प्रभारी कांतिलाल बोथरा, शिव चंद्राकर, प्रितपाल बेलचंदन, माया बेलचंदन, डॉ. मानसी गुलाटी उपस्थित रहे।

### निर्दलीय उम्मीदवार के लिए बंद होंगे रास्ते

जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव का कार्यकताओं का चुनाव है। निवर्तमान जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा एक वार्ड या एक क्षेत्र से एक ही भाजपा कार्यकर्ता चुनाव लड़ेगा निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले को पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी, उसके लिए पार्टी के आगे के सारे रास्ते बंद रहेंगे। बैठक का संचालन जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेन्द्र पाध्ये ने किया। आयोजित बैठक में जिला उपाध्यक्ष विनायक नातू, अलका बाघमार, मंत्री रोहित साहू, बोधन यादव, आशीष निमजे, मनोज मिश्रा, दीपक चोपड़ा कोषाध्यक्ष विनोद अरोड़ा शह कोषाध्यक्ष नीलेश अग्रवाल, कार्यालय मंत्री मनोज सोनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खेलगांव खम्हरिया में प्रतियोगिता का सांसद विजय ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ग्राम खम्हरिया में ब्लाक स्तरीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता एवं मेधावी

■ ब्लॉकस्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

विद्यार्थी सामारोह का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। इस दौरान दुर्ग ब्लाक के सैकडों खिलाडियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद विजय बघेल ने किया, वहीं अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति योगिता चंद्राकर, विशेष अतिथि बुधवंतीन मधुकर सदस्य जनपद पंचायत व सरपंच सुखीराम यादव थे। कार्यक्रम का समापन पन्द्रह जनवरी को किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, अध्यक्षता अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा, विशेष अतिथि वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, जनपद पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख, उपाध्यक्ष झमित गायकवाड होगें। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोविंद साव, बालकदास डहरे, संजय चंद्राकर, पोषण मारकंडे, शेषनारायण पटेल, लोकनाथ साहू, बीआर साहू, अशोक रिगरी, दीपक विश्वकर्मा, आरती शुक्ला, संध्या दुबे, दीपक विश्वकर्मा, जावेद, अजीत पाठक उपस्थित रहे।



### जिलेभर में चलेगा टीकाकरण अभियान

दुर्ग। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई। शिशु संरक्षण माह कार्यक्रम अंतर्गत 21 जनवरी 2025 से शासन के द्वारा जारी निर्देशानुसार नियमित टीकाकरण के साथ ही सिरप विटामिन (09 माह से 05 वर्ष के बच्चों को हर 6 माह में 1 बार) पिलाया जाएगा तथा आईएफए सिरप (06 माह से 05 वर्ष के बच्चों को सप्ताह में 2 बार) 1-1 मिली लगातार 6 माह तक घर पर पिलाये जाने हेतु माताओं को दिया जाएगा, जिसकी नियमित निगरानी मितानिनों द्वारा की जाएगी। बच्चों व गर्भवती माताओं का टीकाकरण, जांच तथा पोषण आहार की सलाह के साथ कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर एनआरसी रेफर किया जाएगा।

# मकर संक्रांति पर भाजपा नेता डॉ. प्रतीक ने बांटी पतंग व लड्डू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉ प्रतीक उमरे ने मकर संक्रांति पर पोटिया स्थित शासकीय शाला के बच्चों को पतंग का वितरण किया तथा तिल के लड्डू खिला कर मकर सक्रांति का पर्व मनाया। साथ ही बच्चों को चाइनीज मांझे के उपयोग से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने बच्चों को मकर संक्रांति की बधाई दी। डॉ प्रतीक उमरे ने कहा की हमारी भारतीय परंपरा और संस्कृति में एकता के सूत्र निहित है।भारतीय संस्कृति ऐसे कई पारंपरिक अवसरों एवं त्यौहारों से समृद्ध है, जिनके माध्यम से एकता और अखंडता का संदेश प्रवाहित होता है। इसी क्रम में 14 जनवरी को मनाए जाने वाले मकर संक्रांति पर्व पर पतंगबाजी और तिल की मिठाइयां खाने की परंपरा है।



# राज्य स्तरीय महिला खो-खो प्रतियोगिता में पुरई रहा प्रथम, बांटे गए पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

चैलेंजर्स स्पोर्टस क्लब एवं समस्त ग्रामवासी डुन्डेरा के द्वारा आयोजित एक दिवसीय राज्य स्तरीय महिला खो खो प्रतियोगिता में नवीन खो खो क्लब पुरई की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया उन्हें पुरस्कार के रूप में 10 हजार रुपए नगद एवं वीनर कप प्रदान किया गया। इसी प्रकार द्वितीय स्थान पर डुन्डेरा जिला बालोद, तृतीय बीएसपी भिलाई एवं चतुर्थ नवशक्ति क्लब भिलाई बालोद की टीम रही, जिन्हें नगद राशि एवं वीनर कप प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा बेस्ट चेजर अंजली मंडावी, बेस्ट डिफेंडर पायल पटेल, आल राउन्डर प्रिया राजपूत, बेस्ट स्काई डायर सिमरन, बेस्ट पोल डायर का पुरस्कार दिव्यानी यादव को प्रदान किया गया। वही लीग आधार पर खेले गए विभिन्न मैच में मैन आफ द मैच का पुस्कार अंजली, गितिका, झमिता, प्रिया, मुस्कान, अनाधिता, पायल, झामिन, सिमरन एवं प्रिया राजपूत को मिला इन सभी विजेताओ को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी टीकम साहू, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पार्षद रोहित धनकर, पार्षद खिलेन्द्र चंद्राकर, दुर्गेश साहू, सुग्रीव साहू के कर कमलो से पुरस्कार प्रदान किया गया पूरे मैच में अंपायर की भूमिका प्रशिक्षक मोतीलाल साहू, योगेन्द्र यादव, सनत साहू, दुर्गेश साहू, रोमनाथ , रखेंदर राजपूत एवं रितेश साहू ने निभाया संचालन राजेश चंद्राकर एवं संतोष बंजारे ने किया आयोजन में चैलेंजर्स स्पोर्टस क्लब के अध्यक्ष संजय साहू, सचिव मनीष खिलारी, खोमलाल साहू, विजय साहू, नोहर साहू, झलक साहू, सेवाराम देवांगन, जयश्री देवांगन, चेतन गुरुजी, साक्षी, धामी, माधवी, तेजस्वी, खुशी, बिंदिया रानी, हिमेश्वरी, सिद्धि त्रिवेणी, चेतना आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा इस दौरान रोमशंकर यादव,इंद्रजीत सोनी, धनेश्वर प्रसाद साहू, कौशल साहू, चेतन ठेकेदार, जीनत साहू, चंद्रहास वर्मा, ओमप्रकाश ओझा सहित क्लब के सदस्यगण एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

■ पुरस्कार के रुप में 10 हजार नकद व कप दिया गया






# ओपीएस पेंशन पर आज संभाग स्तरीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले के लोक निर्माण विभाग सभा कक्ष जिला चिकित्सालय दुर्ग के सामने दुर्ग में संभाग स्तरीय पेंशन निराकरण प्रशिक्षण कार्यशाला 15 जनवरी को प्रातः 11 बजे आयोजित किया गया है। संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर द्वारा संभाग स्तरीय सभी अधिकारियों को अपने संभागीय कार्यालय के 2 पेंशन प्रभारी कार्मिक को भाग लेने हेतु निर्देशित करने के साथ-साथ अपने अधीनस्थ प्रत्येक जिला कार्यालय से 2 कार्मिकों को सम्मिलित होने जिला अधिकारियों को निर्देशित करने कहा गया है।

कार्यशाला में पुरानी पेंशन योजना अन्तर्गत पेंशन प्रकरण तैयार करने, एनएसडीएल के प्रान खाते में जमा राशि के समायोजन से संबंधित ऑफलाईन एवं ऑनलाईन प्रक्रिया के पालन में आने वाली कठिनाईयों के निराकरण के लिए संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन डॉ दिवाकर सिंह राठौर द्वारा स्वयं प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षण कार्यशाला के लिए प्रत्येक जिले के पुलिस विभाग, वन विभाग, उच्च शिक्षा के जिला स्तरीय नोडल कॉलेज, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सहित अन्य विभागों से 2-2 कर्मियों को बुलाया गया है ।

■ संचालक कोष लेखा और पेंशन देंगे प्रशिक्षण



04



आफ्टर पार्टी फैशन

## लाइव इवेंट

### ऑनलाइन दवा डिलीवरी पर कैमिस्ट लामबंद, बताया सेहत के लिए खतरा




**दुर्ग** । छत्तीसगढ़ केमिस्ट एण्ड डिस्ट्रीब्यूशन एसोसिएशन (सीसीडीए) कोरोनाकाल के समय केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा लागू किए गए अधिसूचना संख्या जीएसआर 220 (ई) के खिलाफ लामबंद हो गया है। इस मुद्दे पर एसोसिएशन पदाधिकारियों ने अधिसूचना को वर्तमान समय में जन स्वास्थ्य की सुरक्षा की दृष्टि से बड़ा खतरा बताया। एसोसिएशन ने अधिसूचना को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की है। एसोसिएशन के सचिव अविनाश अग्रवाल ने कहा कि कोरोनाकाल में जरुरतमंद मरीजों के घरों तक ऑनलाइन दवा उपलब्ध कराने की आपातकालीन स्थिति की आवश्यकता की पूर्ति के लिए अधिसूचना जारी की गई थी। वर्तमान समय में कोरोनाकाल खत्म हो चुका है। भविष्य में कोरोना जैसी स्थिति के लौटने की संभावना भी नहीं है। बावजूद यह अधिसूचना आज भी प्रभावी है। इसका खुलकर दुरुपयोग हो रहा है। लोगों को बगैर डॉक्टरी पर्ची के प्रतिबंधित दवा की ऑनलाइन डिलीवरी हो रही है। नशे में उपयोग करने के लिए भी दवा लोगों को ऑनलाइन डिलीवरी के माध्यम से आसानी से उपलब्ध हो रही है, जबकि दवा खरीदी के लिए डॉक्टरी पर्ची अनिवार्य है। ऑनलाइन डिलीवरी में उक्त नियम का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। इससे प्रतिबंधित दवा का व्यापार बड़े पैमाने पर फल-फूल रहा है। सचिव अविनाश अग्रवाल ने कहा कि केन्द्र सरकार जन स्वास्थ्य के सुरक्षा से जुड़े मुद्दे पर मौन है।

#### उग्र आंदोलन की तैयारी में जिले के दवा विक्रेता

अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ केमिस्ट एण्ड डिस्ट्रीब्यूशन एसोसिएशन (सीसीडीए) जल्द ही जनहित में बड़ा आंदोलन छेड़ने की तैयारी में है। अग्रवाल ने दवा को ड्रग कहे जाने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि दवा मेडिसीन होती है, जबकि ड्रग कोकीन, ब्राऊन शुगर, अफीम एवं अन्य नशीली पदार्थ होती है, लेकिन जब भी पुलिस द्वारा ड्रग के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। यह गलत है। आयोजित बैठक ममें अखिल भारतीय दवा विक्रेता संघ के कार्यकारिणी सदस्य सुधीर अग्रवाल, संगठन मंत्री देवव्रत गौतम, सतीश समर्थ, अध्यक्ष वकार हसन खान, सचिव दीपक बंसल, कोषाध्यक्ष सत्येन्द्र जैन, उपाध्यक्ष विनय पंचोली, पीआरओ जयवीर गुप्ता, पूर्व सचिव अरुण ताम्रकार मौजूद रहे।

## सिटी इवेंट

### भगवान राम का अभिषेक, चढ़ाया सवा मनि का प्रसाद, पतंगबाजी का भी उठाया लुत्फ



**दुर्ग।** महाराजा अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट का वार्षिक महोत्सव प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मनाया गया। इस अवसर पर प्रभु राम का दूध, दही, घी, शक्कर, शहद सहित अन्य वस्तुओं से अभिषेक किया गया। इस दौरान पूरे ट्रस्ट में राम मय वातावरण निर्मित था। भक्तिमय माहौल में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। दीपों की श्रृंखला से सुंदर सजावट की गई। सभी व्यवस्था अग्रवाल समाज के सचिव ललित सक्सेरिया, मुरारी अग्रवाल, विमल राजगढ़िया, प्रकाश खेतान के निर्देशन में संपन्न हुई। इस अवसर पर प्रमुख मैनेजिंग ट्रस्टी चेयरमैन विजय अग्रवाल, अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल एवं महामंत्री कैलाश रूंगटा ने बताया कि महाराजा अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट में समाज के श्रद्धालुओं ने प्रभु राम का सवामणि का भोग लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजन उपरांत प्रभु राम की ढोल, नगाड़ों, शंख ध्वनि के साथ महाआरती की गई। कार्यक्रम के बाद सभी लोगों ने राममयी प्रसादी श्रद्धा के साथ ग्रहण किया। कार्यक्रम में लगातार 20 वर्षों से वेलफेयर ट्रस्ट को अपनी सेवाएं प्रदान करने वाले समाज के वरिष्ठ सत्य प्रकाश बंसल का शाल, श्रीफल और मोमेंटो से अभिनंदन किया गया। राम दरबार महिला मंडल की उषा अग्रवाल एवं मंजू अग्रवाल ने बताया कि परिसर में फूलों की बहुत ही आकर्षक रंगोली सजाई गई, जो कि प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही। महिला मंडल की प्रीति राजगढ़िया, शारदा अग्रवाल, कपिला अग्रवाल, सुनीता खेतान ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। अंजली अग्रवाल, निखिता अग्रवाल, प्रकृति अग्रवाल ने महिलाओं के लिए राम से संबंधित अनोखी हाउजी खिलाई। खुले मैदान में सभी के मनोरंजन के लिए पतंगबाजी का भी आयोजन किया गया। समाज के लोगों ने तिल, गुड़ गजक का भी स्वाद लिया। कार्यक्रम का संचालन मनोज अग्रवाल एवं आभार प्रदर्शन प्रेम अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में कमल नारायण रूंगटा, महेंद्र सकसेरिया, संजय रुंगटा, जयदेव सिंघल, गौरी शंकर अग्रवाल, राधेश्याम कृतिका, विनोद अग्रवाल, बृजमोहन गोयल सहित अन्य मौजूद थे।

#### रामलला जन्मभूमि वर्षगांठ पर भजनों की प्रस्तुति



**भिलाई।** ज्येष्ठ नागरिक मंच नेहरू नगर में रामलला जन्मभूमि की प्रथम वर्षगांठ का आयोजन किया गया। सुन्दर सजे स्टेज और अनगिनत दीपों से जगमग करते प्रांगण में वरिष्ठ नागरिकों द्वारा राम और हनुमान के सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गईं। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

● मकर संक्रांति पर बालाजी मंदिर में बालाजी-गोदा देवी का विवाहोत्सव, अय्यप्पा मंदिर में मकरविलक्कु की रही धूम

# कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम, सेमी क्लासिकल, शिव तांडव, हनुमान चालीसा और मराठी नृत्यों ने दर्शकों को किया रोमांचित

भिलाई नगर। बालाजी मंदिर में तीन दिनों तक चलने वाले मकर संक्रांति महापर्व का पहला दिन भोगी त्यौहार, भगवान बालाजी-माता गोदा देवी के कल्याणोत्सव, विभिन्न प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच बीता। आंध्र साहित्य समिति के सौजन्य से मनाए जा रहे दक्षिण भारतीयों के इस सबसे प्रमुख पर्व को मनाने के लिए मुख्य मंदिर, गोपुरम, श्रीदेवी-भूदेवी के दोनों मंदिरों एवं पूरे प्रांगण को विविध फूलों के तोरणों से सजाया गया। मंदिर की सजावट और इष्टदेव बालाजी के दर्शन के लिए शहर के आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। कार्यक्रम का संचालन एम पद्मजा ने किया। इधर अय्यप्पा मंदिर में केरल समाज ने मकरविलक्कू पर्व धार्मिक सद्भाव से मनाया। इससे पहले एक धार्मिक जुलूस भी निकाला गया, जिसमें भक्तों की भारी भीड़ जुटी।



**भिलाई।** इस अवसर पर मंदिर के मुंडन कक्ष व आठ कमरों के निर्माण, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एवं आंध्र भवन की मरम्मत में आर्थिक रूप से योगदान करने वाले अमीनुल्लाह, आनंदराज शर्मा, उदयराज शर्मा और रूपधर का अध्यक्ष पीवी राव, सचिव पीएस राव, उपाध्यक्ष के सुब्बाराव, कोषाध्यक्ष टीवीएन शंकर एवं संयुक्त सचिव एनएस राव ने शॉल एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं के विजेता स्मृति चिह्न से नवाजे गए। आंध्र प्रदेश के पार्वतीपुरम से आए राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित रमना पात्रो की अगुवाई में म्यूजिकल ग्रुप ने तेलुगु गीतों पर आधारित संगीतमय कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। आंध्र भवन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम, सेमी क्लासिकल नृत्य, हनुमान चालीसा पर आधारित नृत्य, लोकनृत्य, शिव तांडव, दुर्गा तांडव, मराठी समूह नृत्य एवं संबलपुरी नृत्य को कलाकारों ने बेहतरीन ढंग से पेश किया। इन कलाकारों में मानिया, उत्सवी, रिया, तरुणा, शिवानी, नंदिनी, हासिनी, जश्ना, श्रेया, रीना, आशा, देविशा, पूर्वी, पावनी, साई, विंजूषा, पीहू, निहारिका, महिमा, सिमरन, इशिका, माही, दीक्षिता, चित्रा, लावण्या, नव्या एवं अद्विती शामिल हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने तो कमाल का नृत्य कौशल दिखाया।

### बालाजी-गोदा देवी का विवाहोत्सव, विधिव-धान से निभाई परंपराएं

इससे पहले सुबह मकर संक्रांति पर्व का पहला दिन भोगी त्यौहार अलाव जलाकर मनाया गया। इस अलाव में प्रतीकात्मक रूप से पुरानी और अवांछित वस्तुओं (जीर्णशीर्ण कपड़े, पुराने फर्नीचर्स, लट्ठे) तथा बुरी आदतों को आग में झोंक दिया जाता है, ताकि नए एवं सकरात्मक विचारों का मार्ग प्रशस्त हो सके। अलाव जलाने के बाद पंडित गोपालाचारी के नेतृत्व में सनातन विधि-विधान से विभिन्न आभूषणों तथा नूतन वस्त्रों से सुसज्जित भू-देवी के अवतार माता गोदा देवी का भगवान बालाजी के साथ कल्याणोत्सव (विवाहोत्सव) मनाया गया। विवाहोत्सव के इस अलौकिक दृष्य को भक्तगणों ने जी भर के देखा।





### प्रतियोगिता के विजेता किए गए सम्मानित

प्रतियोगिताओं के नतीजों के अनुसार ड्राइंग सब जूनियर में प्रथम मोक्षा मल्ला, द्वितीय के श्रीविधि, तृतीय के लिट्या, जूनियर में प्रथम एस रुचिता, द्वितीय एम तरुण, तृतीय एस लेकिशा, सीनियर में प्रथम वी काव्या, द्वितीय एम तृष्णा, तृतीय के दीपक, पुष्पगुच्छ में प्रथम के ज्योति, द्वितीय बी विमला, तृतीय के तुलसी एवं बीवी बसवम्मा, म्यूजिकल चेयर सीनियर में प्रथम विजय रेड्डी, द्वितीय लीला कुमारी, तृतीय पी उमा, ऑल में प्रथम पी कांतम्मा, द्वितीय ए राधा, तृतीय टी लक्ष्मी, पासिंग द बॉल में प्रथम के दुर्गा, द्वितीय कलावती, तृतीय विजय निर्मला, रंगोली फ्री हैंड सीनियर में प्रथम के पूजा राव, द्वितीय के किरण, तृतीय ए जाह्नवी आदि सम्मानित किए गए।



# विधायक गजेन्द्र ने दिलाई बच्चों को खुशियां

■ मकर संक्रांति पर दुर्ग शहर विधायक पहुंचे बच्चों के बीच, पतंगबाजी का भी उठाया लुत्फ

**दुर्ग।** मकर संक्रांति का पर्व आज बच्चों के लिए बेहद खास हो गया, जब शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने उन्हें पतंग दिलाई। शिक्षक नगर में भ्रमण के दौरान प्रभात टॉकीज चौक के पास उपस्थित बच्चों ने अपने चहेते विधायक को देख आवाज लगाई फिर क्या विधायक गजेन्द्र यादव गाड़ी से उतरकर बच्चों से मिले और मकर संक्रांति की बधाई दी। बच्चों ने विधायक से फोटो खिंचाने के बाद पतंग की मांग करने पर पास में स्थित पतंग दुकान ले गए और सभी को उनके मनपसंद पतंग और मांजा दिलाये। इससे उनकी संक्रांति पर स्कूल की छुट्टी दुगुनी हो गई। बच्चों ने विधायक से काफी देर तक बात चीत किये और पतंग दिलाने थैंक यू बोले। बच्चों ने विधायक गजेन्द्र को बताया की कुछ माह पूर्व उनके द्वारा दिलाये गए बैट, बॉल व क्रिकेट किट से वे प्रतिदिन मैच की प्रैक्टिस करते है बच्चों ने अपने संग क्रिकेट खेलने आमंत्रित भी किया।



विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि देश व प्रदेश में विभिन्न त्योहार मनाए जाते हैं। ये त्यौहार हमारे जीवन में खुशियां व उमंग भरते हैं। त्योंहारों के माध्यम से लोगों में आपसी प्रेम, सदभाव, भाईचारे का वातावरण बनता है। मकर संक्रांति भारत एक प्रमुख पर्व है, जो पौष मास में सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर मनाया जाता है। इस दिन से ऋतु परिवर्तन की शुरुआत भी होती है। मकर संक्रांति के दिन स्नान और दान-पुण्य जैसे कार्यों का विशेष महत्व होता है।

# नरेन्द्राचार्य का भिलाई में होगा 17 वर्ष के बाद 5 फरवरी को आगमन, प्रचार शुरू

**भिलाई।** जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्रचार्य का आगमन बुधवार 5 फरवरी को बीएसपी सीनियर सेकंडरी स्कूल ग्राउंड सेक्टर 7 में होने जा रहा है। इसमें जगद्गुरु प्रवचन तथा दर्शन देंगे। इइसके लिए जगद्गुरु के शिष्यों ने श्री गणेश मंदिर सेक्टर 5 भिलाई से प्रचार शुरू किया। 2007 में कन्नड़ भवन सेक्टर 5, भिलाई में जगद्गुरु नरेंद्रचार्य महाराज का प्रवचन एवं समस्या मार्गदर्शन का कार्यक्रम हुआ था। जगद्गुरु नरेन्द्राचार्य दक्षिण की रामानंदाचार्य पीठ के पीठाधीश्वर है। जगद्गुरु नरेंद्रचार्य महाराज संस्थान द्वारा अनेक सामाजिक उपक्रम चलाए जा रहे हैं। इसमें ग्राम स्वच्छता अभियान, शैक्षणिक उपक्रम, वैद्यकीय उपक्रम, आर्थिक दृष्टि से कमजोर लोगों का पुनर्वास, महिला सशक्तिकरण, आपातकालीन मदद अभियान आदि आयोजित किए जाते हैं।




● भारतीय जनता युवा मोर्चा ने मनाया युवा दिवस, आरएसएस के सद्भाव प्रमुख कौशलेंद्र प्रताप हुए शामिल

# विवेकानंद हिंदू संस्कृति की धरोहर, जिन्होंने पूरी दुनिया में हिंदू धर्म का प्रचार किया, शिकागो में दो मिनट के भाषण में जीता दिल

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा स्वामी विवेकानंद की 162 वीं जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। हाउसिंग बोर्ड स्थित वती शिशु मंदिर स्कूल में इसे लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सामाजिक सद्भाव प्रमुख कौशलेंद्र प्रताप सिंह और बीजेपी के अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन प्रमुख रूप से उपस्थित थे। विशेष अतिथि संघचालक रामजी साहू, विजय जायसवाल, विजय शुक्ला, वैशालीनगर मंडल अध्यक्ष शशि भगत, युवा मोर्चा के अध्यक्ष अमित मिश्रा थे। कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद हिन्दू संस्कृति के धरोहर थे। स्वामी विवेकानंद राम कृष्ण मिशन के स्थापना की। उसी संगठन के माध्यम से पूरे विश्व में हिन्दू धर्म का प्रचार प्रसार किया। राष्ट्र संत के रूप में उनकी पहचान सारी दुनिया में बनी जो आज भी कायम है। स्वामी जी ने मां भारती का गौरव सारी दुनिया में बढ़ाकर भारत को विश्वगुरु बनाने का बीड़ा उठाया था।



### सनातन धर्म के प्रचार में निभाई अहम भूमिका

पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी सनातन धर्म का प्रचार करते हुए दुनिया के कई देशों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। 1893 के विश्व धर्म सभा अमेरिका के शिकागो में संबोधन के लिए दो मिनट का समय दिया गया है। अपने भाषण में मेरे अमेरिकी भाइयो एवं बहनों के सम्बोधन से वहां उपस्थित सभी का दिल जीत लिया गया। आज वैसे महान स्वामी विवेकानंद के जयन्ती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। उन्होंने विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलने संकल्प दोहराया। साथ ही युवाओं को एकजुट होकर राष्ट्रहित में काम करने की नसीहत दी।



### मानव सेवा के साथ हिंदू को संगठित होने की जरुरत

भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा ने कहा कि युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को सारा देश युवा दिवस के रूप में मनाता है। राष्ट्रसंत के नाते उन्होंने सनातन धर्म का प्रचार करते हुए समाज को मानव सेवा करते हुए समाज को संगठित करने प्रेरित किया। युवाओं को संगठित और अच्छा नागरिक बनने और देशहित विशेषकर युवाओं को अपने प्रेरणादायी वचनों से उत्साहित किया। उन्होंने कहा था उठो जागो और तब तक रुको नहीं जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। यह बात आज भी प्रासंगिक है और हमेशा रहेगी। कार्यक्रम में तुगेंद्र सिंह, धर्मेंद्र पाण्डेय, इंदु कौर, सौरभ जायसवाल, सौरभ चटर्जी, सुभाष शर्मा, राम शर्मा, मोहनीश काले, चंदन यादव, केशव पासवान, शशि, विनय सेन आदि मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

# बाइबल पर आधारित नाटक और गीत-संगीत ने जमाया रंग



**भिलाई।** भिलाई डीनरी पास्टर काउंसिल द्वारा क्रिसमस सैलिब्रेशन का आयोजन किया गया। इसमें कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। गीत, नृत्य प्रतियोगिता और बाइबल से संबंधित विषयों पर नाटक प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में 11 चर्च के सदस्यों ने भाग लिया।

- सेक्टर-6 चर्च में मनाया गया क्रिसमस समारोह

इसमें गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सेक्टर 6 पल्ली, द्वितीय स्थान खुर्सीपार पल्ली तथा तृतीय स्थान शांति नगर की पल्ली के सदस्यों ने प्राप्त किया। इसी तरह नाट्य रूपांतरण में प्रथम स्थान बोरसी पल्ली, द्वितीय स्थान नंदिनी पल्ली और तृतीय स्थान दुर्ग पल्ली ने दर्ज किया। नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चरोदा पल्ली, द्वितीय स्थान नंदिनी पल्ली तथा तृतीय स्थान सेक्टर 6 पल्ली ने अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक सोनाली सेन, जौली सेन तथा रणदीप बैनर्जी थे।

### प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

इस कार्यक्रम का संचालन बीडीपीसी के सदस्यों द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर महाधर्म प्रांत के धर्माध्यक्ष डॉ. विक्टर हेनरी ठाकुर उपस्थित रहे। प्रतिवर्ष की तरह बच्चों को कक्षा 10वीं तथा कक्षा 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को बीडीपीसी के द्वारा सम्मान प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में सभी पल्लियों के पल्ली पुरोहित भी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने अपने चर्च के सदस्यों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। संचालन भिलाई डिनरी के डीन फादर लीजो मैथ्यू ने किया।

## स्पोर्ट्स इवेंट

# कबड्डी में भेड़सर, खो-खो में अरसनारा और बोड़ेगांव विजेता



**भिलाई।** करंजा भिलाई में जोन स्तरीय शालेय बाल क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन में बीईओ गोविंद साव प्रमुख रूप से मौजूद थे। उनके अलावा जोन प्रभारी जयंत यादव, संकुल समन्वय कुंज लाल देशमुख, रमेश मढरिया, ओम कुमार खुटियारे, रघुनाथ राव, रविकांत शुक्ला उपस्थित थे। प्रतियोगिता के कबड्डी बालक-बालिका में प्राथमिक शाला भेंडसर की टीम विजेता रही। खो-खो में प्राथमिक शाला अरसनारा एवं प्राथमिक शाला बोड़ेगांव टीमें विजेता रहीं। पूर्व माध्यमिक स्कूलों की 100 मीटर दौड़ प्रथम एवं द्वितीय गौरव कुमार जामुल, पुष्पेंद्र खपरी, प्रताप कचान्दुर, शिवम सेजस जामुल एवं बालिका वर्ग में भावना चिखली, मोनिका समोदा, गीतू डांडेसरा, मोनिका समोदा, गोला फेंक एवं लंबी कूद में विकास कुर्रे खपरी, रेखा खेदामारा, ज्ञानेश्वर भेड़सर, मोहित अंजोरा, हर्ष कचान्दुर, सूरज जेवरा-सिरसा, तुषार खपरी, प्रीतम अंजोरा, सागर कचान्दुर, दामिनी जेवरा-सिरसा, दिलेश्वर ढाबा, सारणी शिवपुरी, सोमेश्वरी नवीन जामुल, रुचि अंजोरा, साक्षी भेड़सर, मोनिका निषाद बासीन, भूमिका डांडेसरा विजेता रहीं। रिलेरेस में पूर्व माध्यमिक जेवरा-सिरसा प्रथम एवं सेजस जामुल द्वितीय रहे। प्राथमिक स्कूल बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़, गोली चम्मच, सुई धागा एवं सुरीली कुर्सी में क्रमशः टिकेश्वरी नंदकठ्ठी, पलक कुटेला भाठा, शिवानी जामुल क्रमांक 2, रागिनी बोड़ेगांव, रोशनी डांडेसरा, सोनू निर्मलकर बासिन, मोनिका डांडेसरा सहित अन्य आयोजित प्रतियोगिताओं में पुरस्कृत किए गए। प्रतियोगिता में प्रमुख रूप से शिक्षक चिंताराम यादव, टुमन लाल साहू, उर्मिला यादव, संध्या सेंगार, प्रताप धनकर, खिलेश्वर निषाद, मोती चौधरी, परमानंद बंछोर, विजेन्द्र मिश्रा, अश्विनी देवांगन, गोपीचंद गौतम, नरेंद्र मोहन साव रविंद्र भारती , झुनेश्वरी पटेल आदि मौजूद थे।

- करंजा भिलाई में जोन स्तरीय शालेय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

## सिटी लाइव

# उपभोक्ता को अपने अधिकारों को जानना जरूरी, चलेगी मुहिम



**दुर्ग।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत छत्तीसगढ़ प्रांत की दुर्ग जिला इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती पर विवेकानंद सभागार पद्मनाभपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम अंतर्गत देवेंद्र कौशिक ने स्वामी जी के जीवन परिचय देते हुए ग्राहक पंचायत की कार्य विधि एवं कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उपभोक्तावाद व उपभोक्ता के अधिकारों एवं जिम्मेदारियों को परिभाषित किया। उन्होंने उपभोक्ताओं के संबंध में स्पष्ट रूप से कहा जागरूक ग्राहक ही सुंदर समाज का निर्माण करता है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला अध्यक्ष देवाशीष घोष ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने जो वेद, वेदांत, योग, सुंदर एवं स्वच्छ समाज कल्याण की परिकल्पना की, जो पूरे विश्व में संचारित किया है। हम सब उनके ही संदेशों, आदर्श एवं विचारों का अनुसरण करते हुए निरंतर कार्य करते हुए आगे बढ़ें। कार्यक्रम में कृष्ण देशमुख, धर्मेंद्र धामू, गोपीचंद साहू, संजय डहरवाल, दिलीप देशमुख, बहिरू राम आवारे, मानवेंद्र मोर, वीरेंद्र तिवारी, ज्ञानेंद्र मोर आदि उपस्थित थे।

## ● भागवत कथा में सजाई श्रीकृष्ण-रुक्मिणी की झांकी, पूर्णाहुति आज

# आत्मा से परमात्मा का मिलन ही महारास, अपने मामा का वध कर कृष्ण ने किया कंस का उद्धार: आचार्य

भिलाई। आत्मा एवं परमात्मा का मिलन ही रुक्मणी मंगल है, जितनी भी योनियां हैं सब होनी ही है, केवल मनुष्य शरीर से भगवान को प्राप्त किया जाता है। साधना केवल हम इस देह से कर सकते हैं। यह शरीर मोक्ष के द्वार तक जाने के लिए नाव के समान है। जिस समय प्रभु के यहां से बुलावा आएगा, हमें फिर एक सांस भी प्राप्त नहीं होगी और हम इस संसार से विदा हो जाएंगे। इसलिए हमेशा भगवान का सुमिरन करते रहें। भजन की कोई उम्र नहीं होती, किसी भी उम्र में उस प्रभु को प्राप्त किया जा सकता है। जीवन में प्रभु भक्ति के संदर्भ में यह बाते आचार्य संदीप तिवारी फतेहपुर वाले ने भागवत कथा के छठवें दिन कही। सम्प्रति सेवा समिति भिलाई के तत्वावधान में राम भद्र सेवा मंडल सेक्टर 2 मंदिर परिसर में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का आयोजन दोपहर 1 बजे से सर्वजन कल्याणार्थ के उद्देश्य से किया जा रहा है। आचार्य द्वारा कथा के छठवें दिन श्री कृष्ण के माखन चोरी लीला, वृंदावन गमन, गोवर्धन लीला, मथुरा गमन, कंस वध, उद्धव चरित्र, रुकमणि मंगल की कथा विस्तार से बताई। कथा को सुनने प्रतिदिन सैंकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। मंगलवार को आचार्य संदीप तिवारी ने कृष्ण लीला को बताते हुए गोवर्धन पर्वत से ब्रज की रक्षा करने के बाद 56 भोग लगाने का अर्थ बताते हुए गोपियों संग महारास लीला का सविस्तार वर्णन किया। उन्होंने बताया कि माता यशोदा प्रभु को कुछ ना कुछ खिलाया करती थी लेकिन गोवर्धन पर्वत को सात दिन बिना कुछ खाये पिये अपनी एक ऊंगली से उठाये रखने के कारण माता ने वात्सल्य भाव के साथ आठ पहर का भोग को सातों दिन मिलाकर एक साथ 56 पहर का भोग खिलाया था इसलिए कथा के दौरान श्री कृष्ण को 56 भोग लगाया जाता है।



### महारास वासना रहित, इसे सिर्फ समझने की जरुरत

महारास के संदर्भ में आचार्य ने कहा कि आजकल लोग रासलीला का अलग ही मतलब निकालते हैं, जो कि सरासर गलत है। जबकि आत्मा से परमात्मा का मिलना ही महारास कहा गया है। यह जो रास है वह वासना रहित है इसलिए तो उजाली रात को भगवान ने महारास रचाया था। वासना रहित महारास होने के कारण ही भगवान शिव भी इस महारास लीला में उपस्थित हुए थे। कृष्ण ने अपने मामा कंस का वध कर उसका उद्धार किया। कृष्ण द्वारा मथुरा छोड़कर समुद्र के बीच एक नगरी का निर्माण किया गया जिसका नाम द्वारिका पुरी पड़ा और द्वारिकापुरी के राजा होने के कारण इनका एक नाम दवरिकाधीश पड़ा।

### चित्रकूट से आए संगीतकारों के भजनों को भाव विभोर हुए भक्त, घंटों थिरकते रहे श्रद्धालु

अधरं मधुरं वदनं मधुरं नयनं मधुरं हसितं मधुरं, हृदयं मधुरं गमनं मधुरं मधुराधिपते रखिलं मधुरं,, छोटी-छोटी गैया छोटे ग्वाल, जैसे सुमधुर भजनों को चित्रकूट से आए युवा संगीतकारों ने गाकर कथा स्थल को वृन्दावन बना दिया। कथा सुनने आए सभी भक्त भजनों को सुन भाव विभोर होकर कृष्ण भक्ति में झूमने लगे। आचार्य ने कृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग का झांकियों द्वारा विस्तार से बताया। प्रकृति की पूजा ईश्वर की पूजा के समान है। प्रभु श्रीकृष्ण द्वारा शुरू कराई गई गोवर्धन पर्वत की पूजा उनके प्रकृति प्रेम को दर्शाती है। जब ईश्वर खुद ही प्रकृति की पूजा करता है तो हमें भी इस ओर ध्यान देना होगा। आज का मनुष्य अज्ञानता के कारण प्रकृति का दोहन करने में लगा हुआ है, जिसके आने वाले समय में परिणाम बहुत ही घातक रूप में सामने आ रहे हैं।



## चेंबर का आयोजन

# व्यापार महोत्सव कल से, 150 स्टाल लगेंगे, 900 से ज्यादा व्यापारिक संस्थाएं होंगी शामिल



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज द्वारा भिलाई में 16 से 19 जनवरी तक मध्य भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक व्यापार महोत्सव 2025 होने जा रहा है। चेंबर चार दिवसीय इस आयोजन में व्यापारियों, उद्यमियों और तकनीकी विशेषज्ञों के लिए एक मंच प्रदान करेगा। वे अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन कर सकेंगे। नई तकनीकों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इस दौरान 150 से अधिक स्टॉल और 900 से अधिक व्यापारिक संस्थाओं की भागीदारी रहेगी। व्यापारिक विकास और तकनीकों पर केंद्रित विशेष वर्कशॉप्स का आयोजन किया जाएगगा। प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ. विवेक बिंद्रा 16 जनवरी को शामिल होंगे। 17 जनवरी को स्टार्टअप सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें 30 से अधिक स्टार्टअप भाग लेंगे। अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन करेंगे। 17 और 18 जनवरी को चेंबर क्रिएटर अवार्ड और इनफ्लुएंसर मीट, जो व्यापार और उद्योग के क्षेत्र में योगदान देने वालों को सम्मानित करेगा। 19 जनवरी को डिजिटल कॉन्फ्रेंस, जिसमें ऑनलाइन उत्पाद बिक्री के लिए विशेष कार्यशाला आयोजित होगी।

**चेंबर ऑफ कामर्स के पदाधिकारियों और सदस्यों की बैठक में तैयारियों की समीक्षा**

### हर दिन शाम के समय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

आयोजन के दौरान हर दिन शाम 6 से रात 11 बजे तक विशेष सांस्कृतिक और मनोरंजन कार्यक्रम होंगे, जो दर्शकों को एक यादगार अनुभव प्रदान करेंगे। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ में व्यापार और उद्योग को नई दिशा देने और व्यापारियों को नए अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। आयोजन व्यापारिक समुदाय को नई तकनीकों और विचारों से जोड़ने के साथ-साथ राज्य की आर्थिक प्रगति में योगदान देगा। यह आयोजन व्यापार और उद्योग जगत को सशक्त बनाने के लिए एक अभूतपूर्व पहल है। हम सभी व्यापारियों, उद्यमियों और जनता से इस आयोजन का हिस्सा बनने का आग्रह करते हैं।

### आयोजित बैठक में तैयारियों की समीक्षा की गई

इस आयोजन को लेकर तैयारियों की बैठक हुई। बैठक में चेंबर ऑफ कामर्स के दुर्ग-भिलाई के सभी सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में चेंबर ऑफ कामर्स के प्रकाश सांखला, अशोक राठी, बहादुर अली, पवन बड़जात्या सहित अन्य मौजूद थे। बैठक में ई-कामर्स को लेकर भी चर्चा की गई। साथ ही स्टार्टअप उद्योग और रोजगार की नई संभावनाओं को लेकर भी मंथन किया गया। पदाधिकारियों ने बताया कि स्टार्टअप के अंतर्गत शुरू किए गए व्यापार को लेकर प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही नए उत्पादों के स्टाल भी लगाए जाएंगे, साथ ही बाजार के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

## राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया

# रैली निकालकर विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प




**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। महाविद्यालय परिसर में विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मालवीय चौक तक एक जागरुकता रैली निकाली गगई। रैली का नेतृत्व प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के योगदान, उनके अनुशासन और युवाओं के प्रति उनके संदेशों पर प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं को उनके लक्ष्य प्राप्ति के लिए अनुशासन और समर्पण का मार्ग दिखाते हैं। इस आयोजन में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. राकेश तिवारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी तरुण कुमार साहू, डॉ. कुंदन जांगड़े और संजय यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एनएसएस के वरिष्ठ स्वयंसेवक सतेक मिरचन, द्रविड़ कुमार, मिनेश कुमार, रागिनी, भावना और बालक एवं बालिका छात्रावास के विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की।

**साइंस कॉलेज के विद्यार्थियों ने निकाली जागरुकता रैली**

### राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी सबसे जरूरी

रैली के दौरान छात्रों ने स्वामी विवेकानंद के आदर्श वाक्यों और संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नारे लगाए और पोस्टर लेकर जागरूकता फैलाने का कार्य किया। यह आयोजन युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की दिशा में प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था। महाविद्यालय परिवार ने इस सफल आयोजन के लिए सभी उपस्थित विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों और शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## केएच ग्रुप ऑफ स्कूल्स में ग्रेजुएशन डे सफरनामा का आयोजन

# जूनियर्स ने सीनियर के स्कूल में बिताए समय को नाटक और डांस के जरिए किया प्रदर्शित, दी विदाई

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। केएच ग्रुप ऑफ स्कूल्स में ग्रेजुएशन डे सफरनामा का अनोखा आयोजन किया गया। 11 वीं के स्टूडेंट्स ने अपने सीनियर्स 12वीं के स्टूडेंट्स को भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर 11वीं के स्टूडेंट्स ने रोमांच से भरे नाटक एवं डांस करके अपने सीनियर्स को याद किया। चेयरमैन केके झा ने 12 वीं के स्टूडेंट्स को ग्रेजुएट होने की घोषणा की और स्टूडेंट्स मंच पर खुशी से उछल पड़े। उन्होंने हवा में अपने हैट्स उछाल कर अपनी खुशियां जताई। प्रिंसिपल मेडम ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा अपना आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में 12वीं के स्टूडेंट्स पारंपरिक वेशभूषा में जोड़े के रूप में स्कूल परिसर पहुंचे। जहां 11वीं के स्टूडेंट्स ने उनका फूलों की पंखुड़ियों से स्वागत किया। प्रिंसिपल विभा झा ने कहा कि यहां से जाने के बाद आप लोगों की कैसी संगति रहेगी, यह आपकी सफलता पर निर्भर करेगी। अच्छे लोगों के साथ संगति करेंगे सफलता आपके कदम चूमेगी। उन्होंने कहा कि जिंदगी में कभी पीछे मुड़कर नहीं देखना। खूब मेहनत करना और जो करना हंड्रेड परसेंट करना।



### स्कूल में की गई बदमाशियों का नाट्य मंचन

इस अवसर पर 11वीं के स्टूडेंट्स ने अपने नाटक के माध्यम से बताया कि साल भर वे लोग क्लास में किस तरह बदमाशी करते हैं और टीचर्स उन्हें किस तरह पनिसमेंट करते हैं। स्टूडेंट्स ने एक धमाकेदार डांस कर सबको रोमांचित कर दिया। 12वीं के स्टूडेंट्स ने भी एक गीत गाया। कार्यक्रम के दौरान 11वीं और 12वीं के स्टूडेंट्स ने गिलास सजाने का एक गेम भी खेला, जिसमें सभी ने खूब आनंद उठाया। चेयरमैन झा ने 12वीं के स्टूडेंट्स से उम्मीद जताई कि इस वर्ष वे बहुत अच्छा रिजल्ट देंगे। उन्होंने कहा कि अपने जीवन में हमेशा अनुशासन में रहे और जब यहां से जाएं तो स्कूल के प्रति अपनी अच्छी भावना रखें। हम लोगों का आशीर्वाद आप लोगों के साथ हमेशा रहेगा। आज के दिन को एन्जॉय करें और सामने परीक्षा है उस पर फोकस करें, खूब मेहनत करें।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, तालियों से किया सम्मानित

कार्यक्रम के अंत में चेयरमैन झा ने 12वीं के स्टूडेंट्स को ग्रेजुएट होने की घोषणा की। स्टूडेंट्स झूम उठे और उन्होंने सिर पर पहने हैट को हवा में उछाल दिया। सभी ने उनका तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। इस दौरान जूनियर्स ने तालियां बजाकर सीनियर्स को सम्मानित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई। हिंदी फिल्मी गीतों में डांस हुए। श्लैश वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इसके पूर्व करियर गाइडेंस भी दी गई। साथ ही भरोसा दिलाया गया कि स्टूडेंट्स भी स्कूल में आकर अपने टीचर्स से जरूरी सलाह ले सकते हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ की जूनियर टीम फाइनल पहुंची



**रायपुर।** 39वीं सब जूनियर बालक 43वीं जूनियर बालक 45वीं सीनियर पुरुष तथा 18वीं पुरुष फेडरेशन कप राष्ट्रीय साइकिल पोलो चैंपियनशिप 2024 25 रानाघाट ,पश्चिम बंगाल में जारी है। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग के सेमी फाइनल मैच में छत्तीसगढ़ ने उत्तर प्रदेश को 12 के मुकाबले 6 गोलों से परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय साइकिल पोलो महासंघ के संयुक्त सचिव विनायक चन्नावार ने बताया कि इस मैच में शेखर ने 4 गोल, करण ने 5 गोल, पंकज 2 एवं कृष्णा ने एक गोल किया। इसके पूर्व क्वार्टर फाइनल मैच में छत्तीसगढ़ ने केरल को 10 के मुकाबले 0 गोल के बड़े अंतर से पराजित किया। शेखर एवं करण ने 3-3 तथा शुभम एवं पंकज ने 2-2 गोल किए। सीनियर वर्ग में लीग मैच में इंडियन आर्मी से हुए मैच में 7-5 के स्कोर से छत्तीसगढ़ पराजित हुई इस मैच में विकास ने 3, शैलेंद्र और शेखर ने 1-1 गोल किया। सीनियर वर्ग में अपने दूसरे लीग मैच में छत्तीसगढ़ ने एक तरफा मैच में उड़ीसा को 15-0 के बड़े अंतर से हरा कर क्वार्टर फाइनल में पहुंची विकास ने 5, शेखर ने 4 तथा शैलेन्द्र एवं करण ने 3-3 गोल किए। अब उसका क्वार्टर फाइनल का मुकाबला भारतीय वायुसेना के साथ होगा।

### राष्ट्रीय बीच महिला हैंडबाल में छत्तीसगढ़ को स्वर्ण पदक



**रायपुर।** असम हैंडबाल संघ द्वारा हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में सीनियर बीच राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन सरुसजई स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, गुवाहाटी, असम में 10 जनवरी से 13 जनवरी किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की महिला हैंडबाल टीम ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 13 जनवरी को प्रतियोगिता का फाइनल मैच छत्तीसगढ़ एवं केरल के मध्य खेला गया। जिसमें छत्तीसगढ़ ने केरल को दो सीधे सेटों में प्रथम सेट 14-11 एवं दूसरे सेट में 19-11 गोलों से हराकर प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। छत्तीसगढ़ की कंचन महानंद को बीच महिला हैडबाल प्रतियोगिता का बेस्ट गोलकीपर का खिताब प्रदान किया गया। इसके पूर्व आज प्रातःकालीन खेले गये सेमीफाइनल मैच में छत्तीसगढ़ ने हरियाणा को 13-12 एवं 15-12 गोलों से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया था। छत्तीसगढ़ बीच महिला हैंडबाल टीम के स्पर्ण पदक प्राप्त करने पर छत्तीसगढ़ हैंडबाल संघ के अध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव, कार्यकारी अध्यक्ष अरुण सिंघानिया, बी.एस.पी. हैंडबाल क्लब के अध्यक्ष बी.डी. बाबू (महाप्रबंधक प्रभारी, प्लांट गैरेज) एवं सचिव अब्दुल रहीम, छत्तीसगढ़ हैंडबाल संघ के संस्थापक सदस्य पूर्व महासचिव बशीर अहमद खान, महासचिव समीर खान, कोषाध्यक्ष विजय बहादुर, छत्तीसगढ़ ओलम्पिक एसोसिएशन के महासचिव विक्रम सिंह सिसोदिया, सहसचिव सहीराम जाखड़, सहसचिव मो. अकरम खान, विष्णु श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी, छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के महासचिव शम्भू सोनी, छत्तीसगढ़ तैराकी एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल खंडेलवाल, छत्तीसगढ़ रोविंग संघ के महासचिव आर.के. श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष आर. राजेन्द्रन, छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ के अध्यक्ष जगन्नाथ यादव, सचिव प्रशांत राय, छत्तीसगढ़ सायक्लिंग संघ के सचिव व्ही.आर. चन्नावर, छत्तीसगढ़ फुटबाल संघ के महासचिव डॉ.जी.डी. गांधी और छत्तीसगढ़ रग्बी फुटबाल संघ के सचिव अय्याज अहमद खान सहित विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों ने शुभकामनाये दी है।

### रविशंकर विश्वविद्यालय के 5 वेटलिफ्टर अखिल भारतीय स्तर के लिए क्वालीफाई



**रायपुर।** लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय जालंधर में चल रहे नॉर्थ ईस्ट अन्तर यूनिवर्सिटी भारोत्तोलन पुरुष प्रतियोगिता में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की पुरुष भारोत्तोलन टीम ने नॉर्थ ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें 5 खिलाड़ियों ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया। टीम के खिलाड़ियों में कोमल, तोमन, झमेंद्र, हंसराज और राहुल शामिल हैं।

प्रतियोगिता 15 से 18 जनवरी को लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय में ही होना है। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल, खेल निदेशक प्रो. रीता वेंणु गोपाल और डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. राजीव चौधरी ने शुभकामनाएं दी हैं।

---

डॉक्टर कहते हैं, इस समस्या पर गंभीरता से दिया जाना चाहिए ध्यान

# अक्सर होता रहता है माइग्रेन तो हो जाइए सावधान कहीं ये किसी गंभीर बीमारी का संकेत तो नहीं ?

क्या आपको अक्सर सिर में दर्द होता रहता है? कुछ स्थितियों जैसे तेज शोर, तेज रोशनी, ठंड या गर्मी के कारण ये समस्या बढ़ जाती है? अगर हां तो सावधान हो जाइए, ये माइग्रेन का लक्षण हो सकता है। माइग्रेन एक न्यूरोलॉजिकल विकार है, जो मुख्यरूप से सिर के एक हिस्से में दर्द, असहजता और उल्टी-मितली जैसी दिक्कतें पैदा करता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अगर आपको अक्सर माइग्रेन होता रहता है तो इसपर गंभीरता से ध्यान दें। कुछ मामलों में माइग्रेन अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्या के कारण होने वाली समस्या भी हो सकती है, इसके अलावा दीर्घकालिक रूप में माइग्रेन कई प्रकार की गंभीर समस्याओं का कारण भी बन सकती है।



## पोषक तत्वों की कमी और माइग्रेन का खतरा

अध्ययनों से पता चलता है कि शरीर में कुछ प्रकार के विटामिन्स और मिनरल्स की कमी के कारण भी माइग्रेन की समस्या हो सकती है या फिर ये ट्रिगर हो सकती है। शोधकर्ताओं का मानना है कि माइग्रेन से पीड़ित लोगों में मैग्नीशियम की कमी होने की आशंका दूसरों की तुलना में अधिक होती है। अध्ययनों से पता चलता है कि मैग्नीशियम का सप्लीमेंट लेने से माइग्रेन के सिरदर्द को रोकने में मदद मिल सकती है। इस विषय पर किए गए एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया कि डॉक्टर की सलाह पर अगर एक ग्राम मैग्नीशियम सप्लीमेंट लिया जाए तो आम दवा की तुलना में ये तीव्र माइग्रेन अटैक को कम करने में प्रभावी हो सकती है। आहार में मैग्नीशियम युक्त खाद्य पदार्थों को शामिल करने से सिरदर्द की समस्या से बचाव करने में मदद मिल सकती है।

## माइग्रेन के कारण स्ट्रोक का खतरा

माइग्रेन का आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक प्रभाव हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने पाया कि माइग्रेन से पीड़ित लोगों में अवसाद, चिंता और घबराहट संबंधी विकारों जैसी मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों का खतरा अन्य लोगों की तुलना में अधिक होती है। इसके अलावा माइग्रेन से पीड़ित लोगों में नींद संबंधी विकारों का खतरा भी अधिक देखा जाता रहा है। कुछ रिपोर्ट्स में इस बात को लेकर भी चिंता जताई गई है कि माइग्रेन की दीर्घकालिक स्थित आपके जीवनकाल में इस्केमिक स्ट्रोक होने के जोखिम को लगभग दोगुना कर सकती है।

## माइग्रेन रोगियों को बरतनी चाहिए सावधानी

अध्ययनकर्ता कहते हैं, यह प्रमाणित नहीं होता है कि माइग्रेन की समस्या सीधे तौर पर स्ट्रोक का कारण बनती है, हालांकि अगर आपको माइग्रेन है तो आपको स्ट्रोक का खतरा थोड़ा अधिक हो सकता है। माइग्रेन से पीड़ित व्यक्ति जो धूम्रपान भी करते हैं उन्हें स्ट्रोक का जोखिम अधिक होता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ठंड के प्रति संवेदनशील लोगों को माइग्रेन होने की आशंका अधिक होती है। ऐसे में सर्दियों में सिरदर्द, खासतौर पर माइग्रेन से बचाव के लिए प्रयास करते रहना बहुत आवश्यक हो जाता है। इसके लिए जरूरी है कि आप ठंड से बचाव करें। दिनचर्या में व्यायाम को शामिल करने से आपको लाभ मिल सकता है, व्यायाम करने से सेरोटोनिन का स्तर बढ़ता है जो इसके जोखिमों को कम कर सकता है। सर्दियों में सिर को अच्छे से कवर करें, इससे भी माइग्रेन से बचाव किया जा सकता है।





# ग्लूटेन फ्री डाइट पर हैं तो भूल से भी ना करें ऐसी गलतियां

आज के समय में लोग खुद को अधिक फिट और हेल्दी रखने के लिए तरह-तरह की डाइट फॉलो करते हैं। इन्हीं में से एक है ग्लूटेन फ्री डाइट। इसे वेट लॉस के लिए काफी अच्छा माना जाता है। साथ ही इससे आपके पाचन तंत्र पर भी अच्छा असर पड़ता है और आप अधिक एनर्जेटिक भी फील करते हैं। शायद यही वजह है कि अब दुनियाभर में लोग ग्लूटेन फ्री डाइट लेना पसंद करने लगे हैं। हालांकि, ग्लूटेन फ्री डाइट लेना किसी नई दुनिया में कदम रखने से कम नहीं है, क्योंकि आप सिर्फ आटा, मैदा या ब्रेड आदि का ही परहेज करना शुरू नहीं करते, बल्कि आप अपने हर फूड आइटम के लेबल को स्कैन करने लग जाते हैं।

पूरी तरह से ग्लूटेन फ्री होना किसी की भी लाइफ में एक बड़ा बदलाव है और इस दौरान अक्सर लोग कुछ गलतियां कर बैठते हैं, जिससे उन्हें फायदा कम और नुकसान ज्यादा हो सकता है। ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन ऋतु पुरी आपको ग्लूटेन फ्री डाइट फॉलो करते समय की जाने वाली कुछ ऐसी ही गलतियों के बारे में बता रही हैं, जिनसे आपको वास्तव में बचना चाहिए-

## सिर्फ पैकेज्ड ग्लूटेन-फ्री फूड्स लेना

जब लोग ग्लूटेन फ्री डाइट फॉलो करते हैं तो उस दौरान पैकेज्ड ग्लूटेन-फ्री फूड्स को खाना ज्यादा पसंद करते हैं। लेकिन ये पैकेज्ड फूड आइटम्स काफी महंगे हो सकते हैं और अक्सर उनमें फाइबर, आयरन और बी विटामिन की कमी होती है। इससे आपकी जेब पर भी अतिरिक्त जोर पड़ता है, वहीं दूसरी ओर शरीर में पोषक तत्वों की कमी भी हो जाती है। पोषक तत्वों की कमी को पूरा करने के लिए दाल, बाजरा, शकरकंद और पत्तेदार साग जैसे ग्लूटेन-फ्री विकल्पों को शामिल करें।




## सॉस और मसालों को सुरक्षित मानना

अक्सर जब लोग ग्लूटेन फ्री डाइट लेते हैं तो उस दौरान सिर्फ गेंहू या मैदा से परहेज करते हैं। लेकिन इसके अलावा वे अन्य चीजों पर ध्यान नहीं देते हैं। जबकि सॉस और कुछ मसालों में भी छिपे हुए ग्लूटेन हो सकते हैं। सोया सॉस, टेरीयाकी सॉस, ग्रेवी या यहां तक कि सलाद ड्रेसिंग में मौजूद ग्लूटेन आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे में आप ग्लूटेन फ्री अल्टरनेटिव जैसे होममेड ड्रेसिंग का सेवन करें।

## क्रॉस-कॅन्टिमेशन की अनदेखी करना

ग्लूटेन फ्री डाइट पर लोग अक्सर लेबल को तो चेक करते हैं, लेकिन क्रॉस-कॅन्टिमेशन की अनदेखी कर देते हैं। हालांकि, ग्लूटेन फ्री डाइट सिर्फ इस बारे में नहीं है कि आप क्या खाते हैं बल्कि इस बात भी कि इसे कैसे तैयार किया जाता है। एक ही टोस्टर, कटिंग बोर्ड का उपयोग करना आपके भोजन में ग्लूटेन ला सकता है। इसलिए, अगर आप ग्लूटेन फ्री डाइट पर हैं तो अपने रसोई घर में ग्लूटेन-फी एरिया सेट करें।



# मक्खन और क्रीम को फ्रिज में कब तक करना चाहिए स्टोर



मक्खन, क्रीम और चीज ऐसे महत्वपूर्ण खाद्य पदार्थ हैं, जिनका उपयोग किसी न किसी चीज में हो ही जाती है। स्वादिष्ट व्यंजन बनाने से लेकर बेकिंग तक कई तरह से हम इन चीजों की मदद लेते हैं। लेकिन इन डेयरी उत्पादों को सही तरीके से स्टोर करना और उनकी शेल्फ लाइफ को समझना बहुत जरूरी है।

अगर इन्हें सही तापमान और तरीके से स्टोर न किया जाए, तो इनके खराब होने का खतरा बढ़ सकता है। इस लेख में हम जानेंगे कि मक्खन, क्रीम और चीज को फ्रिज में कितने समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है!

## मक्खन

अनसाल्टेड मक्खन अपने प्राकृतिक स्वाद के कारण बेकिंग में उपयोग किया जाता है। इसे फ्रिज में सही तरीके से स्टोर करने पर यह 1 महीने तक सुरक्षित रहता है। अनसाल्टेड मक्खन में नमक न होने के कारण इसका खराब होने का खतरा अधिक रहता है। इसे हमेशा उसके मूल रैपर या एयरटाइट कंटेनर में लपेटकर रखें, ताकि यह फ्रिज में अन्य खाद्य पदार्थों की गंध को अवशोषित न कर सके। बार-बार पिघलाने और जमाने से बचें, क्योंकि इससे इसकी बनावट और स्वाद प्रभावित हो सकता है। लंबे समय तक स्टोर करने के लिए इसे फ्रीजर में रखा जा सकता है।

साल्टेड मक्खनः साल्टेड मक्खन में नमक होने के कारण यह अनसाल्टेड मक्खन की तुलना में अधिक समय तक टिकता है। इसे फ्रिज में सही तरीके से स्टोर करने पर यह 2-3 महीने तक सुरक्षित रहता है। साल्ट न केवल इसके स्वाद को बढ़ाता है, बल्कि इसे प्रिजर्व करने का काम भी करता है। इसे हमेशा उसके मूल रैपर में रखें और फ्रिज में सबसे ठंडी जगह पर स्टोर करें। लंबे समय तक स्टोर करने के लिए इसे फ्रीजर में भी रखा जा सकता है, जहां यह 6-9 महीने तक सुरक्षित रह सकता है। उपयोग से पहले इसे कमरे के तापमान पर पिघलने दें।

## फ्रीजर में स्टोर करने का विकल्पः

अगर आप मक्खन को लंबे समय तक स्टोर करना चाहते हैं, तो इसे फ्रीजर में रखें। यह फ्रीजर में 6-9 महीने तक सुरक्षित रह सकता है। उपयोग से पहले इसे कमरे के तापमान पर पिघलने दें।

# घर पर कछुआ रखने से आएगी सुख-शांति, दिशा का रखें ध्यान

वास्तु शास्त्र और फेंगशुई में कछुए को सकारात्मक ऊर्जा, सुरक्षा, समृद्धि और दीर्घायु का प्रतीक माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इसकी सही दिशा और सामग्री के अनुसार कछुए को रखने से घर में सुख-शांति, वित्तीय स्थिरता और अच्छे स्वास्थ्य का वास होता है।



वास्तु शास्त्र में कछुए का महत्व

हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान विष्णु ने कच्छप अवतार धारण करके समुद्र मंथन में मंदराचल पर्वत को अपनी पीठ पर उठाया था। तभी से कछुए को संतुलन, समर्थन और स्थिरता का प्रतीक माना जाने लगा। ज्योतिष ही नहीं बल्कि कछुए को वास्तु और फेंगशुई में भी बहुत शुभ माना जाता है और ऐसे कहा जाता है कि यदि आप अपने घर में किसी भी तरह का कछुआ रखते हैं तो ये आपके जीवन में समृद्धि लाने में मदद कर सकता है।

यही नहीं कछुए की लंबी आयु इसे दीर्घायु का प्रतीक बनाती है, इसलिए जिस घर में किसी भी रूप में इसे रखा जाता है वहां के लोगों को रोगों से बाहर निकलने में मदद मिलती है।मान्यता है कि सही दिशा में कछुए को रखने से आर्थिक प्रगति होती है और घर में धन का आगमन होता है। इसके साथ ही कछुआ घर में शांति और सौहार्द्र का वातावरण बनाने में मदद करता है।

## किन चीजों का कछुआ घर में रखना होता है शुभ

अगर हम वास्तु के अनुसार घर में कछुआ रखने की बात करें तो आप क्रिस्टल, मेटल या लकड़ी का कछुआ रख सकते हैं। वहीं ऐसा भी कहा जाता है कि आपको अलग-अलग चीजों से बना कछुआ आपके घर में सौहार्द्र ला सकता है।

---

कार्नर न्यूज

इन वजहों से जिद्दी बन जाता है बच्चा, आप भी रखें ध्यान

# आपका बच्चा बात नहीं मान रहा और बन रहा जिद्दी, वजह जानिए और उठाएं जरूरी कदम

बच्चे के साथ दोस्ताना व्यवहार करें, उसकी भावनाओं का सम्मान करें और अनुशासन के महत्व को सिखाएं। आइए जानते हैं कि किन कारणों से बच्चे जिद्दी बन जाते हैं और माता-पिता को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। बच्चों का जिद्दी होना एक आम समस्या है, जिससे कई माता-पिता जूझते हैं। बचपन में अगर बच्चों की इस आदत पर ध्यान न दिया जाए, तो यह भविष्य में बड़ी चुनौती बन सकती है। बच्चों का व्यवहार उनके विकास, माहौल और परवरिश पर निर्भर करता है।

बच्चों का जिद्दी स्वभाव उनके माहौल और परवरिश का परिणाम होता है। माता-पिता का धैर्य, समझ और प्यार बच्चे के व्यवहार को सुधारने में मदद कर सकता है। बच्चे के साथ दोस्ताना व्यवहार करें, उसकी भावनाओं का सम्मान करें और अनुशासन के महत्व को सिखाएं। आइए जानते हैं कि किन कारणों से बच्चे जिद्दी बन जाते हैं और माता-पिता को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।



## अत्यधिक लाड़-प्यार

जब बच्चे की हर बात मानी जाती है तो वह धीरे-धीरे जिद करने लगता है। उसे यह विश्वास हो जाता है कि जिद करने से उसकी हर मांग पूरी हो जाएगी। जरूरत से ज्यादा बच्चों को छूट देने से भी वह जिद्दी हो जाते हैं। माता पिता को चाहिए कि वह बच्चों को अनुशासन का महत्व समझाएं। प्यार के साथ सीमाएं तय करें। साथ ही बच्चों की हर बात पर हां कहने के बजाए ना कहना भी सीखें।

## माता-पिता की असहमति और मतभेद

अगर माता और पिता किसी बात पर एकमत नहीं होते और बच्चे के सामने एक-दूसरे की बात काटते हैं, तो बच्चा इस स्थिति का फायदा उठाकर जिद्दी बन सकता है। वह जैसा अपने अभिभावक के बीच जिद का स्तर देखता है, वैसा ही अपने जीवन में भी अपनाता है। माता-पिता को बच्चों के सामने एकजुट रहना चाहिए और एक जैसी प्रतिक्रिया देनी चाहिए।

## अत्यधिक प्रतिबंध और कठोरता

कुछ माता-पिता बच्चों पर जरूरत से ज्यादा सख्ती बरतते हैं, जिससे बच्चे का स्वभाव जिद्दी हो जाता है। बच्चा सोचता है कि उसे अपनी बात मनवाने के लिए और जिद करनी होगी। हर बात पर बच्चे को नकारात्मक प्रतिक्रिया देने से वह जिद्दी बन जाता है। माता-पिता को चाहिए कि वह प्यार और अनुशासन के बीच संतुलन बनाएं। कठोर होने की बजाय बच्चे को समझा कर चीजें सिखाएं।



## बच्चे की भावनाओं की अनदेखी

जब बच्चे की भावनाओं और इच्छाओं को लगातार नजरअंदाज किया जाता है, तो बच्चा जिद करना शुरू कर देता है। कई बार बच्चे माता-पिता का ध्यान आकर्षित करने के लिए जिद करते हैं। यह तब होता है जब माता-पिता बच्चे को पर्याप्त समय नहीं दे पाते। अभिभावक बच्चे की भावनाओं को समझें, उनसे संवाद करें। उनकी बातों को ध्यान से सुनें और रोजाना बच्चे के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## पुतिन की भूमिका में नजर आएंगे जूड लॉ एम्पोली की किताब पर बन रही फिल्म



हॉलीवुड स्टार जूड लॉ अपनी आगामी फिल्म 'द विजार्ड ऑफ द क्रेमलिन' में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भूमिका निभाने नजर आ सकते हैं। इस फिल्म का निर्देशन ओलिवियर असायास कर रहे हैं। फिल्म में पुतिन के सत्ता में रहने के शुरुआती सालों को दिखाया जाएगा हॉलीवुड स्टार जेड लॉ ने स्वीकार किया है कि उन्हें 'द विजार्ड ऑफ द क्रेमलिन' में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भूमिका निभाने में डर लग रहा है। फिल्म में जूड के अलावा पॉल डानो, एलिसिया विकेंडर और जैक गैलिफियानाकिस भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। कथित तौर पर जूड लॉ अपनी आगामी फिल्म में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भूमिका निभाते नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 52 वर्षीय अभिनेता ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान कहा, "वह फ्रांसीसी फिल्म निर्माता ओलिवियर असायस द्वारा निर्देशित आगामी फिल्म 'द विजार्ड ऑफ द क्रेमलिन' में पुतिन की भूमिका निभाएंगे। फिल्म पुतिन के सत्ता में शुरुआती सालों को दिखाया जाएगा।" जूड लॉ ने यह भी कहा कि उनके लिए यह भूमिका निभाना काफी भारी है। उन्होंने इस किरदार को 'एवरेस्ट पर चढ़ने जैसा बताया'। जूड ने कहा, ₹मैं तलहटी में देख रहा हूं, सोच रहा हूं, 'हे भगवान, मैंने क्या कहा है?₹ यह स्वीकार करते हुए कि चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं करने के बाद वह अक्सर ऐसा महसूस करते हैं। फिल्म में व्लादिमीर पुतिन के किरदार को ऊभरते हुए राजनेता के तौर पर दिखाया जाएगा। यह फिल्म गिउलिआनो दा एम्पोली की इसी नाम से बुक पर आधारित होगी। दानो वादिम बरानोव की भूमिका निभाएंगे।

### टॉलीवुड

## 'असुरन' के बाद काम करने फिर साथ आए वेत्रिमारन और धनुष, पांचवीं फिल्म के लिए मिलाया हाथ




प्रसिद्ध निर्देशक वेत्रिमारन और अभिनेता धनुष एक रोमांचक नई परियोजना पर पांचवीं बार साथ काम कर रहे हैं, जिसकी घोषणा 'विदुथलाई 2' के सफलता समारोह के दौरान की गई। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म वेत्रिमारन की नौवीं निर्देशित फिल्म होगी, जो एक रोमांचक अनुभव देगी। इस अनाम फिल्म का निर्माण आरएस इंफोटेनमेंट द्वारा किया जाएगा, जो विदुथलाई 2 का भी प्रोडक्शन हाउस है। यह घोषणा प्रोडक्शन हाउस आरएस इंफोटेनमेंट द्वारा 13 जनवरी को की गई, जो वेट्री की फिल्म विदुथलाईः पार्ट 2 की रिलीज के 25वें दिन थी। नई फिल्म की कहानी, कलाकारों और क्रू के बारे में विवरण अभी तक सामने नहीं आया है। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि यह फिल्म एक स्टैंडअलोन प्रोजेक्ट होगी या वडा चेन्नई की सीक्वल।

इस सहयोग का संकेत सबसे पहले 2022 में धनुष की फिल्म थिरुचित्रम्बलम के ऑडियो लॉन्च के दौरान वेत्रिमारन ने दिया था। वेत्रिमारन और धनु की परियोजना का समर्थन करने के साथ-साथ आरएस इन्फोटेनमेंट ने अभिनेता सूरी की आगामी फिल्म के साथ अपने सहयोग की भी घोषणा की है। इस फिल्म का निर्देशन नए कलाकार मथिमारन पुगाझेंथी द्वारा किया जाएगा, जो वेत्रिमारन की टीम का अभिन्न अंग रहे हैं। मथिमारन ने विदुथलाई सीरीज की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इन दोनों फिल्मों के बारे में निर्माताओं द्वारा अभी और जानकारी का खुलासा किया जाना बाकी है। इस बीच वेत्रिमारन अभिनेता सूर्या अभिनीत फिल्म वादीवासल पर भी काम कर रहे हैं, जो सीएस चेलप्पा के उपन्यास पर आधारित है। तमिलनाडु के पारंपरिक आयोजन जल्लीकट्टू की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में जीवी प्रकाश कुमार का संगीत और आर वेलराज की सिनेमैटोग्राफी होगी।

### भोजपुरी

## खेसारी और नीलम की अदा भा गई दर्शकों को, छा गया 'दरदे में गरदे'



हरफनमौला सुपरस्टार खेसारी लाल यादव और अपनी खूबसूरत अदाओं से घायल करने वाली नीलम गिरी की बेहतरीन जोड़ी भोजपुरी के दीवानों का दिल लूटने के लिए साथ आई है। इनका नया भोजपुरी गाना 'दरदे में गरदे' हाल ही में रिलीज किया गया है। साल 2025 के इस नए धमाकेदार गाने में दोनों के बीच जबरदस्त रोमांस, तीखी नोक-झोंक और प्यार की तकरारै ।

खेसारी लाल यादव ने इस गाने को करिश्मा कक्कर के साथ मिलकर गया है। दिलचस्प बात ये है कि रिलीज होने के 5 घंटे के भीतर ही इस गाने को यूट्यूब पर 3.88 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। यह गाना 'ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन- भोजपुरी' के चैनल पर रिलीज किया गया है। 'दरदे मे गरदे' मियां-बीवी के बीच मीठी तकरार का गीता है। खेसारी और नीलम की केमिस्ट्री जबरदस्त लग रही है। वीडियो सॉन्ग की शुरुआत बेडरूम में अंगड़ाई लेती और पेट दर्द से परेशान नीलम गिरी से होती है। वहीं पास में बिस्तर पर खेसारी भी लेटे हैं। नीलम झल्लाई हुई हैं और खेसारी को कोस रही हैं। वह कभी हाथ से तो कभी तकिए से उन्हें मार रही हैं। खेसारी उनसे पूछते हैं कि वह ऐसा क्यों कर रही हैं, इस पर नीलम कहती हैं कि उन्हें दर्द हो रहा है और खेसारी बिना यह समझे दर्द में ही गर्दा उड़ा रहे हैं।

## लाइफ स्टाइल



आफ्टर पार्टी फैशन

मिलान इटली में भाई-बहन की जोड़ी साइमन और नाना विक ने आफ्टर-पार्टी के विचार के इर्द-गिर्द फैशन शो पेश किया। जिसमें हर दिन का भरपूर लाभ उठाने के महत्व को बताया गया था। यहां मॉडल के कम ज्ञात ब्रांड की नुमाइश सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और दर्शकों ने भी भरपूर ढंग से सराहा।

## लिप बाम के उपयोग के बाद भी सूख रहे हैं होंठ तो तैयार करें घरेलू स्क्रब

जनवरी का महीना चल रहा है। ऐसे में लोग सर्दी की वजह से काफी परेशान हैं। यदि आप भी होंठों के रूखेपन का हल चाहते हैं तो कुछ ऐसे स्क्रब के बारे में जानना चाहिए जिनके इस्तेमाल से होंठों की डेड स्किन हट जाएगी और होंठ अपने आप ही मुलायम रहने लगेंगे।

### शहद और चीनी का स्क्रब


होंठों को एक्सफोलिएट करने के लिए ये स्क्रब सबसे सही है। इसके लिए सबसे पहले 1 चम्मच शहद और 1 चम्मच चीनी की जरूरत पड़ेगी। इन दोनों चीजों को मिलाकर एक पेस्ट तैयार करें। इसे हल्के हाथों से होंठों पर 1-2 मिनट तक मसाज करें। इसके बाद गुनगुने पानी से धो लें। शहद मॉइस्चराइज करता है और चीनी डेड स्किन हटाने में मदद करती है।

### नारियल तेल और चीनी का स्क्रब

इसे बनाने के लिए आपको 1 चम्मच नारियल तेल और 1 चम्मच चीनी की जरूरत पड़ेगी। इस्तेमाल के लिए दोनों चीजों को मिलाकर पेस्ट बनाएं और होंठों पर सर्कुलर मोशन में हल्के से रगड़ें। फिर पानी से धो लें। नारियल तेल त्वचा को पोषण देता है और चीनी एक्सफोलिएट करती है।

### कॉफी और शहद का स्क्रब

ये स्क्रब त्वचा के लिए काफी लाभदायक है। इसे बनाने के लिए 1 चम्मच कॉफी पाउडर और 1 चम्मच शहद की जरूरत पड़ेगी। इन्हें



मिलाकर होंठों पर 1-2 मिनट तक स्क्रब करें और फिर धो लें। कॉफी डेड स्किन हटाने और ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाने में मदद करती है।

### नींबू और चीनी का स्क्रब

ये स्क्रब होंठों के लिए काफी अच्छा बताया जाता है। इसे बनाने के लिए 1 चम्मच चीनी और 1/2 चम्मच नींबू का रस लें। इन दोनों को मिलाकर हल्के हाथों से होंठों पर लगाएं और रगड़ें। इसके बाद साफ पानी से धो लें। नींबू डार्कनेस को कम करता है और चीनी एक्सफोलिएशन में मदद करती है।

## आउटफिट के साथ लॉन्ग कोट स्टाइल करते हुए इन टिप्स को भी करें फॉलो



फैशन

ठंड के मौसम में हम सभी खुद को ना केवल सर्द हवाओं से बचाना चाहती हैं, बल्कि साथ ही साथ स्टाइलिश भी दिखना चाहती हैं। ऐसे में लॉन्ग कोट को अपने लुक का हिस्सा बनाना एक अच्छा आइडिया हो सकता है। यह न केवल आपको गर्म रखता है, बल्कि यह बेहद ही वर्सेटाइल भी है जो आपके किसी भी आउटफिट को एक डिफरेंट लुक देता हैं

चाहे आप किसी कैजुअल डे आउट के लिए तैयार हो रही हों या फिर बस अपने लुक को नेक्स्ट लेवल पर ले जाना चाहती हों, लॉन्ग कोट किसी भी आउटफिट के साथ पहनने के लिए एकदम सही है। इसे आप कई अलग-अलग तरह से स्टाइल कर सकती हैं और हर बार एक न्यू लुक क्रिएट कर सकती हैं। एक कंफर्टेबल लुक के लिए आप जींस और टॉप के साथ पहन सकती हैं। वहीं, पार्टी लुक के लिए आप विंटर ड्रेस के साथ स्टाइल कर सकती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको आउटफिट के साथ लॉन्ग कोट को स्टाइल करने के कुछ आसान टिप्स के बारे में बता रहे हैं-

### जींस के साथ करें स्टाइल

अगर आप कैजुअल डे आउट के लिए तैयार हो रही हैं तो ऐसे में आप जींस के साथ लॉन्ग कोट को स्टाइल कर सकती हैं। स्किनी या स्ट्रेट-लेग जींस के साथ आप लॉन्ग कोट पहन सकती हैं। यह एक ऐसा लुक है, जो कभी भी आउट ऑफ ट्रन्ड नहीं होता है। यह एक कैजुअल लुक है, जो आपके स्टाइल को और भी खास बनाता है। आप कैजुअल वाइब के लिए डिस्ट्रेस्ड जींस के साथ चुनें। आप अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए उन्हें बूट्स में टक करें या फिर स्नीकर्स के साथ स्टाइल करें।

### स्कार्फ भी करें स्टाइल

अगर आप अपने आउटफिट के साथ लॉन्ग कोट को पेयर कर रही हैं तो ऐसे में उसके साथ स्कार्फ पहनकर आप अपने लुक को एक ट्विस्ट दे सकती है। आप इसे बस ऐसे ही पहन सकती हैं या फिर गर्दन के चारों ओर रैप भी किया जा सकता है। इससे आपको ठंड से बचने में भी मदद मिलती है और आपका लुक भी खास लगता है। अगर आप लॉन्ग कोट में एक स्लीक और क्लीन लुक पाना चाहती हैं तो ऐसे में आप मोनोक्रोम लुक कैरी करें। इसके लिए, आप अपने आउटफिट में एक ही कलर या न्यूट्रल पैलेट को चुन सकती हैं।

## कुर्ती के साथ पहन रही हैं पैंट, तो मोहरी की ये अलबेली डिजाइंस आपको देगी नया लुक

कुर्ती और पैंट का कॉम्बिनेशन हर महिला को प्रिय है। हर महिला की वॉर्डरोब में इसका एक खास कलेक्शन देखने को मिल जाएगा। यह आउटफिट न केवल आरामदायक होता है बल्कि इसे ट्रेडिशनल और मॉडर्न दोनों तरह के मौकों पर आसानी से कैरी किया जा सकता है। लेकिन क्या आप जानती हैं कि पैंट की मोहरी डिजाइन आपके पूरे लुक को और भी आकर्षक बना सकती है? जी हां, पैंट की मोहरी में कुछ इनोवेटिव और स्टाइलिश डिजाइनों को शामिल करके आप अपनी साधारण कुर्ती और पैंट को फैशनेबल बना सकती हैं। आइए जानते हैं, पैंट की कुछ अलबेली मोहरी डिजाइनों के बारे में।

### बटन वाली पैंट की मोहरी डिजाइन

अगर आप सिंपल लेकिन एलिगेंट लुक चाहती हैं, तो बटन वाली मोहरी डिजाइन परफेक्ट विकल्प है। पैंट के बॉटम पर बड़े या छोटे बटनों का इस्तेमाल करके आप इसे एक यूनिक लुक दे सकती हैं। इस तरह की पैंट को आप ए-लाइन या स्ट्रेट फिट कुर्ती के साथ पहन सकती हैं। यह डिजाइन कैजुअल और ऑफिस



दोनों लुक्स के लिए एकदम सही है।

### थ्रेड वर्क पैंट की मोहरी डिजाइन

थ्रेड वर्क हमेशा से ही भारतीय परिधानों का हिस्सा रहा है। पैंट की मोहरी पर खूबसूरत थ्रेड वर्क करवा कर इसे ट्रेंडी लुक दिया जा सकता है। फूलों, बेलों या ज्योमेट्रिक डिजाइन वाले थ्रेड वर्क से आपकी पैंट की मोहरी का लुक एकदम खास लग सकता है। कटवर्क डिजाइन का आकर्षण कभी खत्म नहीं होता। यह स्टाइल खासतौर पर गर्मियों के मौसम में बहुत पसंद किया जाता है। पैंट की मोहरी पर बारीक कटवर्क डिजाइन आपके आउटफिट को और भी क्लासी बना सकता है।

## ठंड में बॉडी एक्सफोलिएशन क्यों है जरूरी, जानिए यहां

सर्दी का मौसम स्किन के लिए काफी नुकसानदायक साबित हो सकता है। हवा में नमी की कमी और घर के अंदर की हीटिंग स्किन को काफी रूखा व बेजान बना सकती है। अमूमन यह देखने में आता है कि अपनी स्किन की नमी को बनाए रखने के लिए हम सभी बॉडी लोशन आदि का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन स्किन के लिए इतना पर्याप्त नहीं है। इसके साथ-साथ जरूरी है कि आप अपनी बॉडी को एक्सफोलिएट भी जरूर करें। बॉडी एक्सफोलिएशन से डेड स्किन सेल्स को हटाने में मदद मिलती है ताकि अंदर की स्किन अधिक नरम व स्मूथ बन सके। इतना ही नहीं, जब आप बॉडी को एक्सफोलिएट करते हैं तो इससे मॉइश्चराइज़र अधिक बेहतर तरीके से स्किन में अवशोषित होता है। साथ ही साथ, ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होने से स्किन में गजब का ग्लो भी आता है। तो चलिए आज इस लेख में आरवीएमयूए एकेडमी की फाउंडर, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट और स्किन केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट आपको बता रही हैं कि ठंड के मौसम में स्किन को एक्सफोलिएट करना क्यों जरूरी है-

### रूखी स्किन से मिलता है छुटकारा



ठंड के मौसम में हवा में नमी की कमी होती है, जिसकी वजह से स्किन ना केवल रूखी व डल हो जाती है, बल्कि यह काफी फ्लेकी भी हो जाती है। ऐसे में अपनी स्किन को फिर से स्मूथ और ग्लोइंग बनाने के लिए आप बॉडी को एक्सफोलिएट करें। एक्सफोलिएशन से डेड स्किन लेयर हट जाती है और आपकी स्किन अधिक स्मूथ नजर आती है।

**स्किन बेहतर तरीके से होती है मॉइश्चराइजः**

ठंड के मौसम में यूं तो हम सभी मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन इससे कुछ खास फर्क नहीं पड़ता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि फ्लेकी स्किन में क्रीम अच्छी तरह अंदर तक नहीं समाएगी और आपकी स्किन को वह डीप मॉइश्चर नहीं मिल पाएगा।

## कार्नर न्यूज

### नए ट्रेंड के अनुसार ट्राई करें विंटर हेयर स्टाइल्स

## भारी जैकेट और ब्लेजर के साथ चुनिए कुछ खास हेयर स्टाइल, मिलेगी तारीफ

सर्दियों के मौसम में आप मोटे स्वेटर और जैकेट के बोझ तले दबी रहती हैं। ऐसे में आपका सबसे कूल स्टाइल यानी खुले बाल उलझन पैदा करता है तो कोई अन्य हेयर स्टाइल पसंद नहीं आता। ठंडे मौसम में बाल रूखे और बेजान भी दिखते हैं। ऐसे में क्यों न आप नए ट्रेंड के अनुसार विंटर हेयर स्टाइल्स ट्राई करें। ये हेयर स्टाइल सर्दी के मौसम के हिसाब से आपको गर्माहट देते हैं और आकर्षक भी नजर आते हैं।

### क्लासिक पोनीटेल

यह एक आरामदायक हेयर स्टाइल है, जो आपके गरम कपड़ों के साथ खूब फबता है। आप क्लासिक पोनीटेल को हाई या लो कैसे भी बना सकती हैं और चाहें तो आगे से कुछ बाल निकाल भी सकती हैं। यह हेयर स्टाइल बेहद सिंपल और एलीगेंट नजर आता है। इस पोनीटेल को बनाने के बाद आप इसे माइल्ड हेयर स्प्रे से सेट कर परफेक्ट लुक दे सकती हैं।

### ब्रेडेड बन

यह एक क्लासिक हेयर स्टाइल



है, जो आपकी खूबसूरती को कई गुना बढ़ा सकता है। इस लुक के लिए अपने बालों का मैसी बन बनाएं और फिर कुछ बालों को बन के चारों ओर लपेटते हुए ब्रेड्स को शामिल करें। आकर्षक लुक के लिए आप अपनी पसंदीदा हेयर एक्सेसरीज को भी जोड़ सकती हैं। साथ ही अगर आपके बाल ज्यादा लंबे नहीं हैं तो आप अपने बालों को अच्छी तरह कंघी कर पीछे की तरफ एक लूज बन भी बना सकती हैं।

### फ्रेंच ब्रेड

इस हेयर स्टाइल को आप किसी भी मौके पर बना सकती हैं। यह न केवल देखने में बहुत सुंदर लगता है, बल्कि बालों सही तरह से सेट करता है। इसे बनाने के लिए पहले बालों को शैंपू तथा कंडीशनर करें और एक बार कंघी करके उन्हें तैयार कर लें। अब अपने बालों को पहले सेंटर या साइड में बांट लें, जो भी आपको पसंद हो। अगर आप सेंटर पार्टिंग करना चाहती हैं तो बालों को बीच में बांटें और यदि आप साइड ब्रेड बनाना चाहती हैं तो साइड पार्टिंग करें।

### हाफ बन

हाफ बन यानी बालों का आधा हिस्सा ऊपर बांधकर बाकी को खुला छोड़ना। सर्दियों के



लिए यह एक बहुत ही ट्रेंडी और आकर्षक हेयर स्टाइल है। यह हेयर स्टाइल सर्दी में बनाना बहुत आरामदायक होता है और साथ ही बहुत स्टाइलिश भी दिखता है। इसके अलावा इसे बनाने में आपको समय भी कम लगेगा। इसके लिए पहले आपको बालों को सुलझाना है। अगर आप किसी पार्टी या फंक्शन में जा रही हैं तो इस लुक को परफेक्ट बनाने के लिए आप हाफ बन हेयर स्टाइल को क्रिएट कर सकती हैं।